सच बोलने की हिम्मत

# राजधानी चौपाल

RNI No. HARHIN/25/A3341

अंक : 23 वर्ष : 01 साप्ताहिक (15 से 21 जून 2026) पृष्ठ 8 मूल्य : 5/- रुपये E-mail : rajdhanichoupal@gmail.com



राजधानी चौपाल

समाचार पत्र में किसी भी प्रकार के समाचार, विज्ञप्ति और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें...

94169-26329
93068-13001







**GOLD RATE**
**PER GRAM**
16TH JUNE 2026

| CITY | 22K GOLD | 24K GOLD |
|---|---|---|
| MUMBAI | ₹13,890 | ₹15,153 |
| DELHI | ₹13,905 | ₹15,168 |
| AHMEDABAD | ₹13,895 | ₹15,158 |
| BANGALORE | ₹13,890 | ₹15,153 |
| KERALA | ₹13,890 | ₹15,153 |
| HYDERABAD | ₹13,890 | ₹15,153 |

### 7वां बड़ा मंगल आज, हनुमान जी चोला चढ़ाकर ऐसे करें पूजा, भय और कष्ट होंगे दूर

आज ज्येष्ठ माह का सातवां बड़ा मंगल है. इस दिन हनुमान जी को सिंदूर और चमेली के तेल (चोला) का विशेष चढ़ावा अर्पित किया जाता है. धार्मिक मान्यता है कि यह पूजा भय और कष्टों को दूर कर, कुंडली में मंगल व शनि के अशुभ प्रभावों को कम कर सौभाग्य लाती है.

### स्लोवाकिया ने मोदी को देश के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा, PM को मिला 33वां ग्लोबल ऑनर

स्लोवाकिया ने पीएम मोदी को ब्रातिस्लावा में अपने सर्वोच्च सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ़ द व्हाइट डबल क्रॉस' से नवाजा, जो उनका 33वां वैश्विक सम्मान है. दोनों देशों ने व्यापक साझेदारी हेतु 11 समझौते किए, जिनमें व्यापार, रक्षा और ऊर्जा सहयोग शामिल है. यह सहयोग भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगा.

### अमित शाह का मास्टरप्लान और नितिन नबीन का दौरा... पंजाब फतह के लिए BJP ने झोंकी पूरी ताकत

पश्चिम बंगाल के बाद भाजपा ने पंजाब को अगला बड़ा राजनीतिक मिशन बनाया है. 2027 चुनाव के लिए अमित शाह की निगरानी में संगठन मजबूत किया जा रहा है और चुनावी मुद्दों की रणनीति बन रही है. नितिन नबीन 20-22 जून तक पंजाब दौरे पर रहेंगे. नशा, सुरक्षा और दलित-सिख आउटरीच प्रमुख मुद्दे होंगे. विपक्ष भी सतर्क है.

### जंग का मैदान नहीं छोड़ेंगे...नेतन्याहू की कूटनीतिक हार से तिलमिलाया इजराइल, ईरान डील को नकारा

इजराइल ने ईरान-अमेरिका परमाणु समझौते को मानने से इनकार कर दिया है, इसे नेतन्याहू की कूटनीतिक हार बताया गया है क्योंकि डील में उसकी शर्तें शामिल नहीं थीं. इजराइल ने लेबनान से सेना हटाने से इनकार किया है. इससे भविष्य में क्षेत्र में संघर्ष की आशंका बढ़ गई है, और ईरान भी समझौते से पीछे हट सकता है.

### अमेरिका-ईरान समझौते से शेयर बाजार में आया तूफान... सेंसेक्स 1200 अंक उछला, निफ्टी 23,950 के पार

अमेरिका-ईरान शांति समझौते की खबर से भारतीय शेयर बाजार में उछाल आया. सेंसेक्स 1200 अंक और निफ्टी 361 अंक बढ़कर 23,950 के पार पहुंच गया. राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा से वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीद जगी, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा.

## आधार के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई, पहचान पत्र तक सीमित करने की मांग




**दिल्ली (राजधानी चौपाल)** : सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें आरोप लगाया गया है कि आधार कार्ड का इस्तेमाल नागरिकता, मूल निवास और आवासीय पते के सुबूत के तौर पर गलत तरीके से किया जा रहा है। इसमें केंद्र, राज्यों और चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है कि आधार का उपयोग सिर्फ पहचान की पुष्टि तक सीमित किया जाए।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहना की पीठ वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

**वकील अश्वनी दुबे के जरिये दायर याचिका में यह निर्देश देने की भी मांग की गई है कि नए मतदाता पंजीकरण के लिए आवेदन प्रपत्र में जन्म तिथि और निवास के सुबूत के तौर पर आधार का इस्तेमाल आधार एक्ट, 2016 की धारा नौ; जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4) और संविधान के अनुच्छेद-14 के विरुद्ध माना जाए।**

याचिका के अनुसार, आधार एक्ट में साफ कहा गया है कि यह नागरिकता या मूल निवास का सुबूत नहीं है। इसके बावजूद इसका इस्तेमाल उम्र, नागरिकता व मूल निवास के सुबूत के तौर पर किया जा रहा है। इस तरह घुसपैठिए और अवैध प्रवासी आधार का इस्तेमाल करके कई तरह के दस्तावेज हासिल कर रहे हैं।

## 36 साल बाद कश्मीर लौटे कश्मीरी हिंदू, बोले- अब माहौल बदला



**दिल्ली (राजधानी चौपाल)** : विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं की वापसी की संभावनाओं का आकलन करने के लिए आयोजित "प्रगाश-ग्लोबल कश्मीरी पंडित हेरिटेज टूर" संपन्न हो गया। अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों से आए कश्मीरी हिंदुओं ने श्रीनगर, दक्षिण और उत्तर कश्मीर का दौरा कर बदले हुए माहौल की सराहना की। कई लोग 36 साल बाद पहली बार अपनी जन्मभूमि लौटे और भावुक हो उठे।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि 1990 के दशक में आतंक और भय का माहौल था, लेकिन अब घाटी में काफी बदलाव दिखाई देता है। उन्होंने अपने मुस्लिम भाइयों के साथ फिर से मिल-जुलकर रहने और अपनी जड़ों से जुड़ने की इच्छा जताई। प्रतिनिधियों ने कश्मीरी पंडित समुदाय की सम्मानजनक वापसी पर जोर देते हुए देश-विदेश में बसे कश्मीरी उद्यमियों से घाटी में निवेश करने और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की अपील भी की।

## PM मोदी की गिफ्टेड जैकेट पहनकर आए फिको, स्लोवाकिया में दोनों नेताओं की दिखी शानदार केमिस्ट्री

**स्लोवाकिया (राजधानी चौपाल)** : ब्रातिस्लावा में अपनी मीटिंग के दौरान एक हल्के-फुल्के पल में, स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दी हुई ग्रे जैकेट पहनी. पीएम मोदी ने मजाक में कहा कि ऐसा लग रहा है कि दोनों नेता अनजाने में ही मैचिंग कलर थीम में आ गए हैं. पीएम मोदी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें फिको ने सफेद शर्ट के ऊपर स्लीवलेस जैकेट पहनी हुई थी, जो आमतौर पर विदेश यात्राओं पर मोदी की खास ड्रेस होती है.

जब पीएम मोदी ने इस बात की ओर इशारा किया कि दोनों नेताओं ने इस मौके पर लगभग मिलते-जुलते शेड्स की जैकेट पहनी हुई थी, तो पीएम फिको ने कैमरे के लिए पोज दिया. फिको ने पहनी मोदी की गिफ्टेड जैकेट

पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री फिको से कहा, "क्या इत्तेफाक है, कलर कॉम्बिनेशन मैच कर रहा है." इस पल ने पीएम मोदी की स्लोवाकिया की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों नेताओं के बीच गर्मजोशी भरे व्यक्तिगत रिश्ते की एक झलक दिखाई. 1993 में स्लोवाकिया आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने इस देश का दौरा किया है. पीएम मोदी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, "प्रधानमंत्री फिको ने एक जैकेट पहनी थी जो मैंने उन्हें गिफ्ट की थी और, इत्तेफाक से आज हमारी जैकेट के रंग मैच कर गए."

पीएम मोदी रविवार को स्लोवाकिया पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ. 1993 में देश की आजादी के बाद से वे इस देश का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं. उन्होंने सोमवार को ब्रातिस्लावा में अपने स्लोवाक काउंटरपार्ट, रॉबर्ट फिको के साथ डेलीगेशन-लेवल की बातचीत की और दोनों नेताओं ने एक आर्ट एग्जिबिशन भी देखी.

**दोनों देशों के बीच 11 समझौते पर हुए हस्ताक्षर**

भारत और स्लोवाकिया ने अपने रिश्तों को एक बड़ी पार्टनरशिप तक बढ़ाया और आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौते साइन किए. मोदी और फिको के बीच बातचीत के बाद माइग्रेशन, डिजिटल टेक्नोलॉजी और डिफेंस जैसे कई एरिया में इन एग्रीमेंट पर साइन किए गए हैं. दोनों नेताओं के बीच बातचीत के बाद रक्षा सहयोग पर एक लेटर ऑफ इंटेंट को फाइनल किया गया. पीएम मोदी ने भारत-ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को फाइनल करने में फिको के सहयोग के लिए भी तारीफ की.



16-17 जून को, प्रधानमंत्री फ्रांस के एवियन में G7 समिट में हिस्सा लेंगे, जहां वे G7 नेताओं, सहयोगी देशों और इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के साथ इकोनॉमिक ग्रोथ, ग्लोबल पार्टनरशिप और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे मुद्दों पर बातचीत करेंगे.

## बाढ़ राहत शिविरों में महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा होगी मजबूत

**यूपी सरकार का बड़ा फैसला, राहत शिविरों में महिला सुरक्षा कर्मियों की होगी तैनाती।**



**लखनऊ (राजधानी चौपाल)** : बाढ़ राहत शिविरों में आश्रय लेने वालों में महिलाओं, बच्चों की संख्या अधिक होती है। जिनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक शिविर में महिला कर्मचारी और महिला सुरक्षा कर्मी की तैनाती की रूपरेखा बनायी जाये। पुलिस बल, एसडीआरएफ व पीएसी जवानों की आवश्यकता का आकलन कर प्रस्ताव भेज दिया जाये।

राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने लाल बहादुर शास्त्री भवन में मानसून से पूर्व संभावित बाढ़, राहत-बचाव कार्यों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि स्थानीय गोताखोरों, नाविकों से समन्वय बनाकर उन्हें सुरक्षा बलों के साथ बाढ़ क्षेत्र में तैनात किया जाये। ताकि जन-धन हानि को कम किया जाये। शिविरों के लिये चिकित्सकों, दवाओं और एंबुलेंस की उपलब्धता अभी से सुनिश्चित कर ली जाये। जिलाधिकारियों से कहा कि बाढ़ नियंत्रण के लिये अंतरविभागीय समन्वय स्थापित किया जाये। तटबंधों की मरम्मत कार्य करा लिया जाये। बाढ़ राहत कंट्रोल रूम हर समय सक्रिय रखें। नदियों के किनारे बसे आवासीय क्षेत्रों में पर विशेष नजर रखी जाये।

## पुराने नेताओं की घर वापसी को तैयार कांग्रेस

**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल)** : बाकांग्रेस से अलग हुए गुटों के पार्टी में विलय को लेकर लोगों के बीच बढ़ती चर्चाओं के बीच, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (AICC) ने अपने पुराने सदस्यों को पार्टी में वापस लेने की इच्छा जताई है।

कांग्रेस के महासचिव (संगठन) और राहुल गांधी के करीबी केसी वेणुगोपाल ने कहा, "जो कोई भी कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखता है, वह वापस आ सकता है। इसमें कोई समस्या नहीं है।" उन्होंने कहा कि इस तरह के विलय और घर वापसी से बीजेपी-फासीवादी ताकतों के खिलाफ लड़ाई और मजबूत होगी।

**'विचारधार में विश्वास रखने वाले हमसे संपर्क कर सकते हैं'**




उन्होंने आगे कहा, "जो भी पार्टियां कांग्रेस में शामिल होना चाहती हैं और कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास रखती हैं, वे हमसे संपर्क कर सकती हैं। हम उनका स्वागत करेंगे।"

**विलय के प्रस्ताव पर क्या बोले वेणुगोपाल?**

हालांकि, वेणुगोपाल ने स्पष्ट किया कि फिलहाल एआईसीसी के पास विलय का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उन्होंने कहा, "हम मीडिया से ये सभी अटकलें सुन रहे हैं।"

# हरियाणा सरकार की लापरवाही से 11 शहरों के मेयरों की कुर्सी पर लटकी कानूनी तलवार






**चंडीगढ़ (राजधानी चौपाल) |** हरियाणा में नगर निगम मेयरों के प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था लागू हुए साढ़े सात वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन राज्य के मूल कानून में आज भी मेयर के अप्रत्यक्ष निर्वाचन का प्रविधान कायम है। इस कानूनी विसंगति को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के अधिवक्ता हेमंत कुमार ने दावा किया है कि हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 53 में अब भी यह प्रविधान मौजूद है कि नगर निगम के आम चुनाव के बाद निर्वाचित सदस्य अपने बीच से मेयर का चुनाव करेंगे, जबकि वर्ष 2018 से प्रदेश में मेयरों का प्रत्यक्ष चुनाव कराया जा रहा है।

हाल ही में अंबाला की अक्षिता सैनी, पंचकूला के शामलाल बंसल और सोनीपत के राजीव जैन ने प्रत्यक्ष निर्वाचित मेयर के रूप में पद एवं निष्ठा की शपथ ग्रहण की। इससे पहले मार्च 2025 में प्रदेश के आठ अन्य नगर निगमों के प्रत्यक्ष निर्वाचित मेयरों का भी राज्य स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। वर्तमान में हरियाणा के सभी 11 नगर निगमों में प्रत्यक्ष निर्वाचित मेयर कार्यरत हैं।

हेमंत कुमार के अनुसार सितंबर 2018 में हरियाणा विधानसभा ने मेयर के प्रत्यक्ष चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए कानून में संशोधन किया था, लेकिन उसी समय अधिनियम की धारा 53 में आवश्यक बदलाव नहीं किया गया। परिणामस्वरूप धारा 53 में आज भी यह उल्लेख है कि आम चुनाव के बाद 30 दिन के भीतर पहली बैठक होगी, जिसमें निर्वाचित सदस्य अपने बीच से मेयर का चुनाव करेंगे। यहां तक कि बराबर मत होने की स्थिति में लाटरी से विजेता तय करने का प्रविधान भी कानून में मौजूद है।

दूसरी ओर, नवंबर 2018 में हरियाणा नगर निगम निर्वाचन नियमावली 1994 के नियम 71 में संशोधन कर यह व्यवस्था कर दी गई कि आम चुनाव के बाद पहली बैठक में मंडल आयुक्त सीधे निर्वाचित मेयर और निगम सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। यहीं से अधिनियम और नियमों के बीच विरोधाभास की स्थिति उत्पन्न हो गई।

कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी स्थिति में नियम, अधिनियम से ऊपर नहीं हो सकते। सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों में यह सिद्धांत स्थापित हो चुका है कि यदि अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों में टकराव हो तो अधिनियम के प्रविधान को ही प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे में धारा 53 और नियम 71 के बीच मौजूद विरोधाभास को समाप्त करना आवश्यक है।

हेमंत कुमार का दावा है कि उन्होंने पिछले कई वर्षों में शहरी स्थानीय निकाय विभाग और राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर इस विसंगति की ओर ध्यान आकर्षित किया है। अंबाला, पंचकूला और सोनीपत के नव-निर्वाचित मेयरों के शपथ ग्रहण से पहले भी उन्होंने धारा 53 में संशोधन की मांग उठाई थी। उन्होंने सुझाव दिया कि संशोधन को पूर्व प्रभाव से लागू किया जाए ताकि वर्ष 2018 के बाद हुए सभी प्रत्यक्ष मेयर चुनावों को निर्विवाद कानूनी आधार मिल सके।

हालांकि, दिसंबर 2025 में हरियाणा विधानसभा द्वारा पारित हरियाणा नगर निकाय विधेयक 2025 में इस त्रुटि को दूर कर दिया गया है, लेकिन यह विधेयक अभी राष्ट्रपति की स्वीकृति की प्रतीक्षा में है। विशेषज्ञों का मानना है कि नए कानून के लागू होने के बाद भी वर्ष 1994 के अधिनियम की धारा 53 में संशोधन आवश्यक है, ताकि वर्तमान में कार्यरत 11 प्रत्यक्ष निर्वाचित मेयरों की स्थिति को पूर्ण वैधानिक मान्यता मिल सके।

दिलचस्प तथ्य यह है कि प्रदेश के सभी 11 नगर निगमों में वर्तमान में भाजपा के प्रत्यक्ष निर्वाचित मेयर हैं, लेकिन अब तक किसी भी मेयर ने इस कानूनी विसंगति को दूर करने के लिए सरकार को औपचारिक रूप से पत्र नहीं लिखा है।

## हरियाणा के फतेहाबाद में स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर का शव नहर में मिला



**रतिया (राजधानीचौपाल) :** पंजाब के बोहा क्षेत्र में लापता स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सुपरवाइजर भूपिंद्र कुमार का शव रविवार को फतेपुर हेड के पास नहर से बरामद हो गया। शव मिलने की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। वहीं स्वजनों ने बुढलाड़ा विधायक पर फोन के जरिए मानसिक दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार बीते 12 जून से भूपिंद्र कुमार अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। इसके बाद परिवार और पुलिस उनकी तलाश में जुट गए। रतिया क्षेत्र के गांव रोंझावाली के पास भाखड़ा नहर किनारे उनकी बाइक और चप्पलें मिलने से नहर में कूदने की आशंका जताई गई। इसके बाद पंजाब और हरियाणा पुलिस की टीमों के साथ गोताखोर लगातार सर्च अभियान चलाते रहे। रविवार को एनडीआरएफ की टीमों को भी तलाश अभियान में लगाया गया था।

### फतेहपुर हेड के पास बहता मिला शव

रविवार दोपहर परिवार के कुछ सदस्य फतेहपुर हेड के पास माखा क्षेत्र में तलाश कर रहे थे। इसी दौरान छोटी पुलिया के पास नहर में एक शव बहता दिखाई दिया। संदेह होने पर परिजनों ने शव की पहचान की। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में रिश्तेदार और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### स्वजनों ने विधायक पर लगाए आरोप

मृतक के पुत्र और अन्य स्वजनों ने आरोप लगाया कि पंजाब के बुढलाड़ा विधायक बुधराम द्वारा फोन के माध्यम से उन पर दबाव बनाया जा रहा था। उनका कहना है कि विभाग के कुछ कर्मचारियों के कहने पर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था। परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है।

वहीं, मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक हरदेव अर्शी ने घटना पर दुख जताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएंगे।

## पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 से बदलेगी राजस्व व्यवस्था की तस्वीर

**चंडीगढ़ (राजधानी चौपाल) :** हरियाणा सरकार ने राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्यभर में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम और विशेष सीमांकन अभियान शुरू किया है।

इसके साथ ही प्रदेश में जल्द ही पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 लागू किया जाएगा, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। नई प्रणाली के लागू होने से भूमि एवं संपत्ति पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक हो जाएगी।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डा. सुमिता मिश्रा ने बताया कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 को आधुनिक डिजिटल ढांचे के रूप में विकसित किया गया है, जिसमें आनलाइन आवेदन, दस्तावेज अपलोड, आधार आधारित प्रमाणीकरण, ई-हस्ताक्षर, आनलाइन शुल्क भुगतान, रियल-टाइम सत्यापन और सुरक्षित डेटा भंडारण जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह प्रणाली पंजीकरण प्रक्रिया में भौतिक दस्तावेजों की आवश्यकता को लगभग समाप्त कर देगी।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के अनुसार नई व्यवस्था से नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिलेगी, जबकि मैनुअल हस्तक्षेप कम होने से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। साथ ही सेवाओं की डिलीवरी तेज होगी और कारोबार सुगमता को भी बढ़ावा मिलेगा।

पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 1.0 से 2.0 में बदलाव चरणबद्ध तरीके से जिलावार किया जाएगा, ताकि सेवाएं बाधित न हों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नई प्रणाली के संचालन के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) और उपयोगकर्ता पुस्तिकाएं तैयार की गई हैं।



### राजस्व अधिकारियों को दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण

डा. सुमिता मिश्रा के अनुसार नई डिजिटल व्यवस्था के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य के सभी जिलों में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रत्येक जिले में मास्टर ट्रेनर्स भी नियुक्त किए गए हैं, जो जमीनी स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों को नई प्रक्रियाओं के अनुरूप प्रशिक्षित करेंगे।

विभाग का लक्ष्य एक सप्ताह के भीतर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करना है। डा. मिश्रा ने कहा कि पटवारियों, कानूनगो और अन्य राजस्व कर्मचारियों की डिजिटल दक्षता बढ़ाना सुधारों के प्रभावी और एकरूप क्रियान्वयन के लिए बेहद जरूरी है।

### सीमांकन मामलों के लिए विशेष अभियान

इस बीच राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लंबित सीमांकन मामलों के निस्तारण के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 10 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया है।

अभियान का उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं प्रदान करना, भूमि संबंधी विवादों को कम करना और लंबित मामलों का तेजी से समाधान करना है। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि वे लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी लाएं और नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें।

### 15 दिन में शुल्क जमा नहीं किया तो आवेदन होगा रद

राजस्व विभाग ने एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए तय किया है कि जिन सीमांकन आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन निर्धारित शुल्क 15 दिनों के भीतर जमा नहीं कराया गया है, उन्हें स्वतः निरस्त माना जाएगा।

डा. सुमिता मिश्रा के अनुसार इससे निष्क्रिय मामलों को प्रणाली से हटाने, कार्यकुशलता बढ़ाने और प्रशासनिक संसाधनों को वास्तविक एवं सक्रिय आवेदनों पर केंद्रित करने में मदद मिलेगी।

## 'पहले अपने घर के झगड़े सुलझाए कांग्रेस', अर्चना गुप्ता का विपक्ष पर हमला



**यमुनानगर (राजधानीचौपाल) :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया जा रहा है। चुनावों में संगठन की भूमिका सबसे अहम होती है।

मजबूत संगठन के दम पर ही भाजपा हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में सफल रही है। शनिवार को यमुनानगर में आयोजित अभिनंदन समारोह के बाद मीडिया से बातचीत में डॉ. गुप्ता ने आगामी रणनीति, महिलाओं की भागीदारी, विपक्ष के आरोपों और वोटर लिस्ट से जुड़े सवालों पर अपनी बात रखी।

वोटर लिस्ट को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी भारतीय नागरिक को डरने की जरूरत नहीं है। जो भी वास्तविक नागरिक है, उसका या उसके परिवार का रिकार्ड वर्ष 2000 की बेस लिस्ट में देश के किसी न किसी हिस्से में जरूर मिलेगा। चाहे वह बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश या किसी अन्य राज्य से जुड़ा हो।

सरकार या पार्टी किसी भी जायज नागरिक का वोट काटने की बात नहीं कर रही है, लेकिन यदि किसी व्यक्ति का पूरे देश में वर्ष 2000 से जुड़ा कोई पारिवारिक रिकार्ड नहीं मिलता है तो इसकी जांच जरूरी है। चुनाव आयोग के पास सभी वैध नागरिकों का रिकार्ड उपलब्ध होता है।

कांग्रेस की ओर से कानून व्यवस्था को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास आज न कोई स्पष्ट नीति है, न नेतृत्व और न ही विजन। कांग्रेस को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने संगठन की अंदरूनी समस्याओं को दूर करना चाहिए और महिलाओं को सम्मान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो महिलाओं को संगठन से लेकर सरकार तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देती है। महिलाओं को आगे बढ़ाने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी बढ़ाने का काम भाजपा लगातार कर रही है।

संगठन मजबूत तो सरकार बनती है विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर उन्होंने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के संगठनात्मक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जमीन स्तर पर संगठन को मजबूत करने की मेहनत का ही परिणाम है कि भाजपा तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाने में सफल रही। संगठन मजबूत होता है तो सरकार बनती है। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्होंने पंचकूला, कुरुक्षेत्र और यमुनानगर का दौरा कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया है। इसके बाद वह अंबाला जाएंगी। उनका लक्ष्य 30 जून तक प्रदेश के सभी जिलों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मिलना है। जिन विधानसभा क्षेत्रों और पांच लोकसभा सीटों पर पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिली, वहां संगठन की कमियों को दूर कर कार्यकर्ताओं को नए सिरे से सक्रिय किया जाएगा। रेणू भाटिया के इस्तीफे पर बोलीं- बदलाव प्रकृति का नियम हरियाणा महिला आयोग की पूर्व चेयरमैन रेणू भाटिया के इस्तीफे पर डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। कोई भी व्यक्ति हमेशा एक पद पर नहीं रह सकता। आज वह प्रदेश अध्यक्ष हैं, कल कोई और होगा। उन्होंने कुरुक्षेत्र में अच्छा काम किया। अब इस पद पर किसी दूसरे को जिम्मेदारी देनी थी, इसलिए उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

## महापंचायत में संगठन मजबूत करने पर जोर, 11 सदस्यीय कमेटी गठित

**हिसार (राजधानीचौपाल) :** पंजाब के बोहा क्षेत्र में लापता स्वामहापंचायत में शहीद राजा राव तुलाराम के नाम पर द्वार के निर्माण की पुरजोर मांग उठाई गई। पूर्व सांसद डीपी यादव ने राव तुलाराम को देश का महान स्वतंत्रता सेनानी बताया। उन्होंने कहा कि उनका सम्मान पूरे देश का सम्मान है। पूर्व सांसद डीपी यादव ने विधायक विनोद भयाना से अपील की कि वे जनभावनाओं का सम्मान करते हुए ऐतिहासिक फैसला लें और स्वयं राव तुलाराम की प्रतिमा का अनावरण करें, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता की भावनाओं और समाज की राय का सम्मान होना चाहिए। समाजसेवी नरेश यादव ने कहा कि राव तुलाराम द्वार की मांग पूरी तरह समाज की भावना से जुड़ी है। इसे राजनीति से जोड़ना गलत है। यादव समाज ने केवल अपने महापुरुष के सम्मान में मांग रखी है, किसी अन्य समाज या महापुरुष का विरोध नहीं किया। यादव और पंजाबी समाज के बीच भाईचारा हमेशा रहा है और आगे भी बना रहेगा।

सभा को उत्तर प्रदेश से युवा समाजसेवी गगन यादव, हिसार यादव सभा के प्रधान एडवोकेट चंद्रभान यादव, जिला पार्षद यादवेंद्र यादव, बिल्लू ढाणा, पूर्व सरपंच सुरेश कुमार, भीम सिंह रिटायर्ड एसडीओ, डीपी यादव, जमावड़ी सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह, हरेंद्र यादव, सुरजीत यादव, राहुल यादव सहित व अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।



# NEWS CORRIDOR

## XEN के बेटे का अपहरण: डेढ़ करोड़ की फिरौती मांगी, पुलिस मुठभेड़ में रोहतक

**पानीपत (राजधानीचौपाल) :** पानीपत की थर्मल कॉलोनी से अपहृत 12 वर्षीय कबीर को पुलिस ने रोहतक में मुठभेड़ के बाद सकुशल बरामद कर लिया। अपहरणकर्ताओं ने परिजनों से डेढ़ करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों का पीछा किया और रोहतक में घेराबंदी की। इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने तीन आरोपियों और एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। घायल कबीर और आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## SIR अभियान पर कांग्रेस-भाजपा की कड़ी नजर, हर बूथ क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की तैनाती

**चंडीगढ़ (राजधानीचौपाल) :** हरियाणा में सोमवार से शुरू हो रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय कर दी है। कांग्रेस ने प्रत्येक बूथ पर दो कार्यकर्ताओं को तैनात किया है, जबकि भाजपा ने बीएलए-1 और बीएलए-2 नियुक्त किए हैं। दोनों दल मतदाता सत्यापन प्रक्रिया पर नजर रखेंगे और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि कोई पात्र मतदाता सूची से बाहर न हो। वहीं, निर्वाचन विभाग ने बीएलओ को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से घर-घर सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

## हरियाणा में ब्लैकआउट... 100 KM की रफ्तार से चली आंधी, हांसी में गिरे ओले



**हिसार (राजधानी चौपाल) :** हरियाणा में भीषण गर्मी और लू के बीच मौसम ने अचानक करवट लेते हुए कई जिलों में भारी तबाही मचा दी। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में 100 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि के कारण सैकड़ों पेड़, बिजली के खंभे, टीन शेड और होर्डिंग्स धराशायी हो गए। गुरुग्राम समेत कई शहरों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से ब्लैकआउट जैसी स्थिति बन गई। हांसी में करीब एक घंटे तक चली तेज आंधी और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मौसम विभाग के अनुसार पंजाब के ऊपर सक्रिय चक्रवाती सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव आया है। विभाग ने स्थिति को देखते हुए प्रदेशभर में भारी बारिश, गरज-चमक और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, हरियाणा सरकार और आपदा प्रबंधन विभाग ने कई जिलों के लोगों को मोबाइल पर इमरजेंसी अलर्ट भेजकर घरों में रहने और सतर्कता बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक खराब मौसम बने रहने की संभावना जताई है।

## डी-पार्क अग्निकांड स्थल पहुंचे सीएम सैनी, मुआवजे का ऐलान

### रोहतक में पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर नुकसान का लिया जायजा, हरसंभव सहायता का भरोसा।

**रोहतक (राजधानी चौपाल) :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को रोहतक के डी-पार्क क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड स्थल का निरीक्षण किया और प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अग्निकांड में जान गंवाने वाले कपिल, सौरभ और अमन के परिजनों से भी मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें हर संभव सरकारी सहायता का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और पीड़ादायक है। सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों और व्यापारियों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं सहायता कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो।



मुख्यमंत्री ने राहत कोष से पूर्ण रूप से नष्ट हुई दुकानों के लिए 5-5 लाख रुपये और आंशिक रूप से प्रभावित दुकानों के लिए 2-2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। इसके अलावा आग की चपेट में आकर नष्ट हुई रेहड़ियों के मालिकों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

उन्होंने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग की रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित दुकानदारों के नुकसान का आकलन कर अलग से मुआवजा भी दिया जाएगा, ताकि व्यापारियों को अपने कारोबार को दोबारा खड़ा करने में मदद मिल सके। बता दें कि 9 जून को माडल टाउन स्थित डी-पार्क के निकट भीषण आग लगने से करीब एक दर्जन दुकानें जलकर राख हो गई थीं। हादसे में तीन लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी, जबकि लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ था।

घटना के बाद से व्यापारी संगठनों की ओर से पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे और राहत की मांग की जा रही थी। मुख्यमंत्री के दौरे और मुआवजे की घोषणा के बाद प्रभावित परिवारों और व्यापारियों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, तभी रहेंगे स्वस्थ: ज्योति मित्तल




**हिसार (राजधानी चौपाल) :** योग केवल पांच दिन का अभ्यास नहीं है, बल्कि इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। पांच दिन योग सीखना एक माध्यम हो सकता है, लेकिन जब तक योग को दैनिक जीवन में नहीं अपनाया जाता, तब तक उसके वास्तविक लाभ प्राप्त नहीं हो सकते। यह विचार हिसार की उपमंडलाधीश ज्योति मित्तल ने भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर योग शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय जिंदल पार्क में आयोजित योग शिविर के प्रथम दिन उपस्थित होकर उन्होंने स्वयं भी योगाभ्यास किया तथा प्रतिभागियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया।

शिविर की जानकारी देते हुए प्रकल्प प्रमुख नीरज जिंदल ने बताया कि यह योग शिविर पांच दिनों तक चलेगा। शिविर में भारतीय योग संस्थान, हिसार के अध्यक्ष सुरेश जांगड़ा योग के माध्यम से विभिन्न बीमारियों के निवारण के उपायों की जानकारी देंगे। शिविर में योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं यौगिक नृत्य का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जैन औषधालय, नागोरी गेट की ओर से नाड़ी वैद्य की सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी। इच्छुक व्यक्ति अपनी नाड़ी परीक्षण करवाने के साथ-साथ नि शुल्क रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) की जांच भी करवा सकते हैं।

श्री जिंदल ने बताया कि जो साधक प्रात: 5:30 बजे तक शिविर में पहुंचेंगे, उन्हें एक लकी कूपन दिया जाएगा, जिसका ड्रॉ कार्यक्रम के समापन अवसर पर निकाला जाएगा। शुक्रवार को प्रात: 5:30 बजे तक 216 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई, जबकि बाद में यह संख्या बढक़र 319 हो गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर शाखा महिला प्रमुख डॉली जैन ने उपमंडलाधीश ज्योति मित्तल को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

शाखा गतिविधि संयोजक एवं संपर्क प्रमुख अजय सिंगला ने बताया कि शुक्रवार को 27 लकी ड्रॉ निकाले गए। सभी विजेताओं को उपमंडलाधीश ज्योति मित्तल द्वारा पुरस्कृत किया गया। योग सत्र के दौरान भारतीय योग संस्थान के जिला महामंत्री जुबिन गोयल ने सफल मंच संचालन करते हुए योग की विभिन्न क्रियाओं एवं उनके लाभों की विस्तृत जानकारी साधकों को प्रदान की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में योग साधकों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

# बसपा की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

## पानीपत में संगठन विस्तार और जनहित के मुद्दों पर हुई चर्चा, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तैयार।

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** बहुजन समाज पार्टी हरियाणा की प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक आज पानीपत में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के केंद्रीय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद श्री राम जी गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रभारी इंजीनियर सी.पी. सिंह जी ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता बहुजन समाज पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कृष्ण जमालपुर ने की। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, सभी जिलों के जिला अध्यक्ष, प्रभारी, विधानसभा प्रभारी व वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता, सदस्यता अभियान और आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद राम जी गौतम ने कहा कि हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की नीति पर चलती है। कार्यकर्ता अनुशासन और समर्पण के साथ जमीनी स्तर पर काम करें। केंद्रीय प्रभारी इंजीनियर सी.पी. सिंह जी ने कहा कि संगठन की ताकत बूथ से बनती है। हर कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में बहुजन समाज को एकजुट कर पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाना है।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कृष्ण जमालपुर ने कहा कि हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही सरकारों ने बहुजन समाज, किसान, मजदूर और युवाओं को धोखा दिया है। महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था की बदहाली चरम पर है। बहुजन समाज पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के मिशन को आगे बढ़ाते हुए हर जिले, हर बूथ तक संगठन को मजबूत करेगी। हम 2029 की तैयारी अभी से शुरू कर रहे हैं।

बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए जिनमें सभी जिलों में बूथ कमेटियों का गठन, महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर अक्टूबर माह में जिला मुख्यालयों पर बड़े धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे। अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक व महिलाओं के मुद्दों को लेकर सरकार को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। युवाओं और महिलाओं को पार्टी से जोडऩे के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा आदि मुद्दे मुख्य रूप से शामिल रहे।

संजय महंच लोकसभा प्रभारी ने कहा की लोकसभा हिसार के अंदर अनुसूचित जाति के लोगों पर जितने भी अत्याचार हुए हैं जिनमें से विशेष एक महिला की मृतक बॉडी को चूहों द्वारा खाए जाने का मामला व अन्य जो घटना हुई हैं उनसे सांसद रामजी गौतम को विशेष अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि यदि इन मामलों में यदि कोई कार्यवाही नहीं होती तो इन मुदृदों को संसद में उठाया जाएगा। इसके साथ ही संजय महंच ने हिसार लोकसभा में पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के लिए पूरी मेहनत से कार्य करने और पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी को प्रदेश में मजबूत करने और बहुजन समाज को उसका हक दिलाने का संकल्प लिया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह धानिया, विशाल गुज्जर, वकील नेतराम जी सही राम, महेंद्र जाजोरिया, संजय महँच लोक सभा जोन प्रभारी, नानक देव प्रजापति जिला अध्यक्ष, रविंद्र चौहान जिला अध्यक्ष, रामदिया खेड़ी, जय सिंह जिला उपाध्यक्ष, डॉ मुकेश सांबरवाल जिला कोषाध्य, दिलबाग सिंह अध्यक्ष आदमपुर, अनिल चोपड़ा, दिलबाग खेड़ी अध्यक्ष नारनौद सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हांसी जिला के चानौत गांव में पीने के पानी के लिए चल रहे धरने को मिला आम आदमी पार्टी का पूर्ण समर्थन

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** गांव चानौत (जिला हांसी) में पीने के पानी की मूलभूत मांग को लेकर 16 मई से धरने पर बैठे ग्रामीणों को समर्थन देने आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता पहुंचे। उनके साथ हांसी से पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी, युवा इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन, एक्स सर्विसमैन विंग जिला अध्यक्ष हिसार अजय शास्त्री, हलका अध्यक्ष नरनौंद सुभाष लोहान, नारनौंद से मास्टर वजीर सिंह, कंवारी से सुदीप श्योराण, हांसी से धर्मबीर लोहान, सतीश रेढ़ू, रामकुमार चहल सहित अन्य कार्यकर्ता भी थे। इस दौरान डॉ. सुशील गुप्ता ने धरनारत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उनकी जायज मांग का पुरजोर समर्थन किया और भाजपा हरियाणा की सैनी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर तीखा हमला बोला। डॉ. सुशील गुप्ता ने धरनास्थल पर भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि चानौत गांव के सामने से हांसी शहर के लिए जो पीने के पानी की पाइपलाइन दबाई जा रही है, उसमें से गांव को भी कनेक्शन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी की मांग जीवन के लिए सबसे जरूरी है। अगर आगे पानी कम पड़ता है, तो पाइप का साइज बढ़ा दिया जाए, लेकिन ग्रामीणों को प्यासा रखना सरासर अन्याय है। शहर और गांव के लोग अलग-अलग नहीं हैं, सबकी जरूरतें एक समान हैं।



**सरकार पर बोला तीखा हमला**

डॉ. सुशील गुप्ता ने पानी की इस गंभीर समस्या पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री पूरे देश में हर घर नल से जल का ढिंढोरा पीट रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि हरियाणा के 80त्न गांवों में डिग्गी का पानी पीने लायक ही नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसे नल का क्या फायदा जिसका पानी जनता पी ही न सके? अरविंद केजरीवाल के दिल्ली और पंजाब मॉडल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी आम आदमी पार्टी की सरकार है, वहां 24 घंटे मुफ्त और साफ पानी दिया जा रहा है। हरियाणा में भी हर घर तक 24 घंटे पानी पहुंचना चाहिए।

**मुख्यमंत्री सैनी को दी कड़ी चेतावनी**

धरने पर बैठी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि चानौत गांव के इस आंदोलन की गूंज सिर्फ हांसी या हरियाणा में नहीं, बल्कि पूरे देश में गूंज रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि वे खुद इस धरने पर आएं और अपने हाथों से ग्रामीणों को पाइपलाइन का कनेक्शन दें। उन्होंने कहा, यदि सरकार अपनी अकड़ में बैठी रही, तो हरियाणा की जनता बड़े-बड़ों की अकड़ तोडऩा जानती है। डॉ. सुशील गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी अपील की कि वे हरियाणा के मुख्यमंत्री को इस संबंध में सख्त निर्देश दें। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था और अन्य मुद्दों पर घेरते हुए कहा कि आज हरियाणा में न बिजली है, न पानी, न स्वास्थ्य की सुविधाएं हैं और न ही अच्छी शिक्षा। हांसी में लगातार बढ़ रहे अपराध और हाल ही में हुई मर्डर की घटनाओं ने कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है।

**आम आदमी पार्टी देगी हर कदम पर साथ**

अंत में डॉ. सुशील गुप्ता ने ग्रामीणों की एकता और हौसले को नमन करते हुए कहा कि चानौत गांव की यह लड़ाई अब आम आदमी पार्टी की लड़ाई है। पार्टी इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर ग्रामीणों के साथ खड़ी है और जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, इस संघर्ष में आम आदमी पार्टी पानी की मांग पूरी होने तक हर कदम पर साथ देगी।

1-3. फोटो कैप्शन : चानोत में चल रहे धरने को संबोधित करते आप के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता। ग्रामीणों को बपना संबोधन देते हांसी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सारेखी व उपस्थित ग्रामीण।

## समाचार

### पदोन्नति पर एसोसिएशन ने जताया कुलपति का आभार

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नॉन टीचिंग स्टाफ एसोसिएशन चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की कार्यकारिणी की एक बैठक सुनील कुमार प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय में हुई पदोन्नतियों पर भी चर्चा हुई। एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार गंगवानी ने बताया कि प्रो. बी.आर. काम्बोज जब से विश्वविद्यालय के कुलपति बने हैं तभी से विवि में निरंतर पदोन्नतियों का दौर जारी है। जैसे बेलदार से कृषि निरीक्षक, कृषि निरीक्षक से तकनीकी सहायक फार्म, लिपिक से सहायक, सहायक से उपाधीक्षक, उपाधीक्षक से अधीक्षक, अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर पदोन्नति दी गई हैं। विजय नाथ बहल एवं गौरव चावला को अधीक्षक से लेखा एवं प्रशासनिक अधिकारी से पद पर पदोन्नति दी गई हैं तथा रविंद्र कुमार को उपाधीक्षक से अधीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। राजेंद्र सिंह को कृषि निरीक्षक से तकनीकी सहायक फार्म व कुलदीप सिंह को कृषि निरीक्षक से तकनीकी सहायक फार्म के पदों पर पदोन्नति मिलने पर बधाई दी गई चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज का आभार व्यक्त किया गया। कार्यकारिणी की बैठक में सुनील कुमार प्रधान के अलावा महासचिव राजकुमार गंगवानी, वरिष्ठ उपप्रधान जोगिन्द्र ठाकुर, प्रेस सचिव सुरेंद्र राणा, कार्यालय सचिव बीरपाल बघेल, कार्यकारिणी सदस्य नवीन सभ्रवाल, व ओमप्रकाश चौहान व संदीप कमार उपस्थित रहे। उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार गंगवानी ने जारी की।

### शूटिंग चैंपियनशिप में जतिन ने जीता स्वर्ण पदक



**हिसार (राजधानी चौपाल) :** नई दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित इंटर स्कूल स्टेट लेवल शूटिंग चैंपियनशिप में हिसार की श्री कृष्णा स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के शूटर जतिन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता 2 से 12 जून तक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों और अकादमियों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अकादमी के संचालक एवं मुख्य कोच कपिल कुमार ने बताया कि जतिन की सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर अकादमी, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए जतिन को बधाई दी।

# विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर व बालसमंद में लगाया जनता दरबार

**विधायक चंद्रप्रकाश की गतिविधियां**

| | |
|---|---|
| 1. | विधायक चंद्रप्रकाश ने गोशाला के कार्यालय का किया उदघाटन, गोशाला का अवलोकन भी किया |
| 2. | विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर व बालसमंद में लगाया जनता दरबार, लोगों से की मुलाकात |
| 3. | विधायक चंद्रप्रकाश ने कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित करके एसआईआर के प्रति किया जागरूक |
| 4. | किसी भी सही मतदाता का वोट न कटे और गलत वोट न बनने पाए : विधायक चंद्रप्रकाश |
| 5. | बूथ लेवल एजेंट प्रशिक्षण शिविर में विधायक चंद्रप्रकाश ने एसआईआर के विभिन्न पहलुओं को किया स्पष्ट |

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर व बालसमंद में जनता दरबार लगाकर हलकावासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान समर्थकों ने प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग का चेयरमैन निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं भी दी। जनता दरबार में लोगों ने गर्मी के चलते बिजली व पानी की किल्लत की समस्या सामने रखी। इसके साथ की सडक़ों से संबंधित समस्या भी उन्होंने बताई। विधायक चंद्रप्रकाश ने समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से बात करके त्वरित निदान के निर्देश दिए।

मंडी आदमपुर के जनता दरबार के उपरांत विधायक आदर्श ग्रामीण योजना के तहत मंडी आदमपुर में स्थित श्री कृष्ण गोशाला में नव निर्मित कार्यालय का उदघाटन विधायक चंद्रप्रकाश ने विधिवत रूप से किया। उन्होंने गोशाला का अवलोकन किया और गोमाता की सेवा भी की। इस दौरान उन्होंने गोशाला संचालकों के साथ गोमाता की संभाल व सेवा के संदर्भ में विस्तृत चर्चा भी की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोवंश की सेवा करना हर इंसान का दायित्व है। इस दिशा में गोशालाओं की विशेष भूमिका है, इसलिए गोशालाओं की संभाल में समाजसेवियों को अपना-अपना योगदान देना चाहिए।

बालसमंद में जनता दरबार के उपरांत विधायक चंद्रप्रकाश ने कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित करके उन्हें मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संदर्भ में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि किसी भी मतदाता के अधिकारों का हनन न हो और किसी भी सही मतदाता का वोट न कटे और गलत वोट न बनने पाए। उन्होंने बताया कि इस बारे में बीएलए-2 को भी विशेष हिदायत दी गई हैं ताकि किसी भी वोटर के साथ अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी भी लोकतंत्र का सशक्त आधार होता है, इसलिए वोटर के अधिकार को सुरक्षित करना हमारा दायित्व है।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक चंद्रप्रकाश को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन का दायित्व मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं भी दी।







# श्री राधाकृष्ण बड़ा मंदिर में सोमावती अमावस्या पर मासिक भंडारे का आयोजन

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** श्री राधाकृष्ण बड़ा मंदिर में सोमावती अमावस्या के पावन अवसर पर मासिक भंडारे का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में आलू की सब्जी, पूड़ी, जलेबी व खीर का प्रसाद वितरित किया गया।



मंदिर के महंत राहुल शर्मा ने बताया कि श्री राधाकृष्ण बड़ा मंदिर द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं। मंदिर में नियमित रूप से भजन-कीर्तन, सत्संग एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसके साथ ही अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों के लिए भोजन भिजवाने जैसी सेवा गतिविधियां भी लगातार जारी हैं।

महंत राहुल शर्मा ने सोमावती अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब अमावस्या सोमवार के दिन पड़ती है तो उसे सोमावती अमावस्या कहा जाता है। सनातन धर्म में इस तिथि का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन स्नान, दान, पूजा-पाठ एवं पितरों की आराधना करने से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना और सेवा भाव को बढ़ावा मिलता है। मंदिर प्रबंधन भविष्य में भी ऐसे धार्मिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

भंडारे के आयोजन में मंदिर के भक्तों एवं श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र सेवा दी। भक्तों ने प्रसाद वितरण, व्यवस्था संचालन तथा अन्य सेवाओं में सक्रिय योगदान देकर आयोजन को सफल बनाया। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान राधा-कृष्ण के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।



# पुष्कर दत्त की पुस्तक 'जीवन के रंग' का विमोचन

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** रिटायर्ड असिस्टेंट टाउन रिटायर्ड असिस्टेंट टाउन प्लानर एवं साहित्यकार पुष्कर दत्त के दूसरे कविता संग्रह 'जीवन के रंग' का विमोचन वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र उप्पल ने किया। इस अवसर पर साहित्य प्रेमियों और गणमान्य नागरिकों ने पुस्तक की सराहना की। संग्रह में जीवन, प्रकृति, मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक यथार्थ और भावनात्मक अनुभवों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है। देवेंद्र उप्पल ने कहा कि पुष्कर दत्त की रचनाएं पाठकों से सीधा संवाद स्थापित करती हैं। वहीं, लेखक ने बताया कि पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को सकारात्मक और रचनात्मक सोच के लिए प्रेरित करना तथा युवा पीढ़ी को साहित्य से जोड़ना है।

# जोसा काउंसलिंग में ट्रिपल आईटी लखनऊ बना छात्रों की पहली पसंद, 10201 रैंक पर बंद हुई सीट

**दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (जोसा) 2026 के प्रथम चरण के सीट आवंटन परिणामों में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) लखनऊ ने एक बार फिर अपनी मजबूत शैक्षणिक प्रतिष्ठा का परिचय दिया है।

देश भर के पीपीपी मॉडल पर संचालित ट्रिपल आईटी संस्थानों में शामिल ट्रिपल आईटी लखनऊ इस बार भी अभ्यर्थियों की शीर्ष प्राथमिकता में है। जेंडर-न्यूट्रल ओपन श्रेणी में ट्रिपल आईटी लखनऊ की अंतिम आवंटित क्लोजिंग रैंक 10,201 (लगभग 99.34 पर्सेंटाइल) रही, जो सभी पीपीपी मॉडल के ट्रिपल आईटी

संस्थानों में सबसे बेहतर है।

विशेषज्ञों का मानना है कि उत्कृष्ट प्लेसमेंट, उद्योगों के साथ मजबूत जुड़ाव, आधुनिक पाठ्यक्रम और उत्तर भारत में इसकी रणनीतिक स्थिति के कारण अभ्यर्थियों की पहली पसंद के रूप में ट्रिपल आईटी लखनऊ लखनऊ लगातार कई वर्षो से आगे है। यहां बी.टेक चार ब्रांचों में संचालित है, जिनमें बी.टेक आईटी, बी.टेक सीएस, बी.टेक सीएस एआई और बी.टेक सीएसबी शामिल है। प्रत्येक कोर्स में 60-60 सीटें शामिल हैं।

### दूसरे पर ट्रिपल आईटी पुणे तो तीसरे पर श्री सिटी

पीपीपी ट्रिपल आईटी संस्थानों की सूची में ट्रिपल आईटी पुणे (26,158) दूसरे और ट्रिपल आईटी श्रीसिटी (26,174 क्लोजिंग रैंक) के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, ट्रिपल आईटी गुवाहाटी (29,112) तथा ट्रिपल आईटी तिरुचिरापल्ली (31,674) ने भी अभ्यर्थियों के बीच मजबूत आकर्षण बनाए रखा। केंद्रीय वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों (सीएफटीआईएस) में ट्रिपल आईटी इलाहाबाद ने 7,585 की क्लोजिंग रैंक के साथ शीर्ष स्थान बरकरार रखा, जबकि ट्रिपल आईटी ग्वालियर 15,078 की रैंक पर रहा।

### 26 तक फीस जमा करने का मौका

जोसा ने आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी व अन्य सरकारी सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए पहला सीट आवंटन जारी किया है। तय काउंसलिंग कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण में सीट आवंटन वाले अभ्यर्थियों को 26 जून को शाम पांच बजे तक फीस जमा करने और अभिलेख अपलोड करने का मौका दिया गया है।



### बेहतर प्लेसमेंट को प्राथमिकता

शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार प्रथम चरण के कटऑफ यह संकेत देते हैं कि अभ्यर्थी अब केवल पुराने संस्थानों पर ही नहीं, बल्कि बेहतर प्लेसमेंट रिकॉर्ड और उभरती हुई शैक्षणिक गुणवत्ता वाले संस्थानों को भी प्राथमिकता दे रहे हैं।

काउंसलिंग के आगामी चरणों में रैंकों में कुछ बदलाव संभव हैं, लेकिन प्रथम चरण के आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि ट्रिपल आईटी लखनऊ देश के सबसे पसंदीदा पीपीपी-ट्रिपल आईटीज में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है।

**ओपन श्रेणी कटऑफ-टॉप 10 पीपीपी ट्रिपल आईटी**

| संस्थान | संख्या |
|---|---|
| ट्रिपल आईटी लखनऊ | 10,201 |
| ट्रिपल आईटी पुणे | 26,158 |
| ट्रिपल आईटी श्री सिटी | 26,174 |
| ट्रिपल आईटी गुवाहाटी | 29,112 |
| ट्रिपल आईटी तिरुचिरापल्ली | 31,674 |
| ट्रिपल आईटी नागपुर | 33,520 |
| ट्रिपल आईटी कोटा | 34,014 |
| ट्रिपल आईटी सूरत | 34,456 |
| ट्रिपल आईटी सोनीपत | 36,326 |
| ट्रिपल आईटी ऊना | 37,663 |

*जोसा 2026 के प्रथम चरण में ट्रिपल आईटी लखनऊ को पीपीपी ट्रिपल आईटी संस्थानों में सर्वोच्च स्थान मिलना हमारे विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, उद्योग सहयोगियों तथा अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान और उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता ने विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों का विश्वास मजबूत किया है। हम आने वाले वर्षों में भी उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करते रहेंगे।*

**-प्रो. अरुण कुमार शेरी, निदेशक, ट्रिपल आईटी लखनऊ**

## हवाई चप्पल वालों ने किया हवाई जहाज का सफर... जेवर एयरपोर्ट पर किसान बोले- सपना हुआ साकार




**लखनऊ (राजधानी चौपाल) :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सोमवार को लखनऊ के लिए पहली उड़ान रवाना हुई। इस ऐतिहासिक उड़ान की खास बात यह रही कि इसमें वे किसान भी शामिल थे, जिन्होंने एयरपोर्ट निर्माण के लिए अपनी जमीन दी थी। लखनऊ पहुंचने पर किसानों ने इसे अपने जीवन का यादगार और भावुक क्षण बताया। जेवर की किसान पूनम ने कहा कि एयरपोर्ट के लिए उनकी जमीन अधिगृहीत हुई थी और पहली बार हवाई जहाज में सफर करना उनके लिए सपना पूरा होने जैसा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने किसानों को सम्मान दिया है। किसान धर्मवीर शर्मा ने कहा कि हवाई चप्पल पहनने वाले किसानों को हवाई जहाज में बैठाकर सरकार ने विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संदेश दिया है। किसान हाजी जफर ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के दौरान किसानों की सहमति ली गई थी और लोगों ने खुशी-खुशी अपनी जमीन दी। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट परियोजना प्रदेश के विकास का प्रतीक है। वहीं, किसान इकबाल कल्लू ने कहा कि जिस जमीन पर एयरपोर्ट बना, उसी से उड़ान भरकर राजधानी पहुंचना उनके लिए गर्व की बात है। महिला किसान सुमन ने बताया कि उन्होंने पहली बार हवाई यात्रा की और वर्षों पुराना सपना पूरा हुआ। मीनू ने कहा कि अपनी जमीन को आसमान से देखना एक अनोखा अनुभव रहा। बुजुर्ग किसान जयवीर ने कहा कि उन्होंने कई सरकारें देखी हैं, लेकिन विकास का ऐसा दौर पहले कभी नहीं देखा। किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्षेत्र के विकास और आने वाली पीढ़ियों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलेगा। यह उड़ान केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि किसानों की भागीदारी और विकास की नई कहानी का प्रतीक बन गई।


## दिल्ली में 650 करोड़ के दवा घोटाले में ACB का एक्शन, 35 डॉक्टरों से पूछताछ के बाद अब गिरफ्तारियां जल्द

**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** दिल्ली सरकार की सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी में दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की खरीद में 650 करोड़ का घोटाला मामले में एसीबी ने दो हफ्ते के दौरान 35 डाक्टरों व खरीद प्रक्रिया से जुड़े कर्मचारियों से पूछताछ कर चुकी है। इनसे खरीद प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज हासिल किए गए। पूछताछ के बाद अब आरोपितों की गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एसीबी चीफ संयुक्त आयुक्त विक्रमजीत सिंह का कहना है कि मामले में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों और संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ किया जाना बाकी है। जिनसे पूछताछ कर ली गई है और उनकी घोटाले में संलिप्तता पाई गई उन्हें अब जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बीते चार जून को दिल्ली सरकार से सतर्कता निदेशालय की शिकायत पर दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने एफआईआर दर्ज की थी। उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह एफआईआर दर्ज की गई थी।

### 40 डॉक्टर-कर्मचारियों का पहले ही तबादला

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. वत्सला अग्रवाल और हेडऑफऑफिस (एचओओ) डॉ. विनोद कुमार रंगा समेत लगभग 40 डॉक्टरों और कर्मचारियों का पहले ही तबादला किया जा चुका है ताकि वे जांच को प्रभावित न कर सकें। एबीसी की टीम ने पहले डीजीएचएस बिल्डिंग में जाकर भी कई अधिकारियों और डॉक्टरों से पूछताछ की थी उसके बाद एसीबी ने डॉक्टरों, कर्मचारियों और आउटसोर्स स्टाफ को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस भेजा था।




### गायब फाइलों की कड़ियां जोड़ी जा रहीं

जांच एजेंसी खरीद प्रक्रिया, टेंडर आवंटन, भुगतान रिकॉर्ड और गायब फाइलों के बीच के कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है। जांच में सरकारी अस्पतालों के लिए दवा, चिकित्सा उपकरणों, चादरों, एक्स-रे मशीनों और एनेस्थीसिया के आवश्यक उपकरणों की खरीद में भारी अनियमितता का पता चला है।

कई महत्वपूर्ण वस्तुओं की खरीद, बाजार दर से कहीं अधिक कीमत पर की गई थी। इस हेराफेरी से सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ। एसीबी के मुताबिक यह पूरी खरीद तत्कालीन एचओओ डॉ. विनोद कुमार रंगा के कार्यकाल के दौरान हुई थी। विजिलेंस द्वारा गठित समिति की अध्यक्ष डा. अंजना कौशल के बार-बार अनुरोध के बावजूद जब डा. रंगा ने फाइलें नहीं सौंपी थी, तब अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा तैयार कर सीपीए के लाकर को खुलवाया गया था, लेकिन उसमें भी दस्तावेज नहीं मिले।

## समाचार

### यमुना किनारे लौटेंगे ऐतिहासिक दिन, अगले 6 महीने में DDA चमकाएगा यमुना बाजार के 32 घाट



**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** यमुना के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) यमुना बाजार क्षेत्र के 32 ऐतिहासिक घाटों के पुनरुद्धार की तैयारी कर रहा है। परियोजना के तहत घाटों का संरक्षण, लैंडस्केपिंग, बेहतर पैदल कनेक्टिविटी और पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। डीडीए का उद्देश्य यमुना रिवरफ्रंट को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय केंद्र के रूप में विकसित करना है। प्राधिकरण अब तक 88 हजार मीट्रिक टन से अधिक मलबा और करीब 5 हजार मीट्रिक टन कचरा हटाकर 1,425 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर चुका है।

### मिरांडा हाउस में छात्राओं को ओपन हाउस और कैंपस टूर पर जाने का सुनहरा मौका, रजिस्ट्रेशन शुरू




**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित मिरांडा हाउस कॉलेज ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश की तैयारी कर रही छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए 17 से 19 जून तथा 22 जून को ओपन हाउस एवं कैंपस टूर कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कॉलेज की प्राचार्या, शिक्षकों, वर्तमान छात्राओं और पूर्व छात्राओं से संवाद का अवसर मिलेगा। साथ ही लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं और अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण भी कराया जाएगा। कॉलेज प्रशासन के अनुसार, इसका उद्देश्य छात्राओं को कॉलेज के शैक्षणिक माहौल, पाठ्यक्रमों और उपलब्ध अवसरों से परिचित कराना है। पंजीकरण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा।

## काकोली घोष दस्तीदार NCPI की अध्यक्ष, TMC के बागी 20 सांसदों के विलय की जानकारी EC को दी

**दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** सांसद काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में रविवार को टीएमसी के 20 बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में विलय करने का ऐलान किया. बागी सांसदों ने लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उन्हें पत्र देकर इसकी सूचना दी और लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस से अलग बैठने की मांग की. अब सोमवार को NCPI ने टीएमसी के बागी गुट के विलय और काकोली घोष के अध्यक्ष चुने जाने की जानकारी चुनाव आयोग को दे दी है. सूत्रों का कहना है कि एनसीपीआई में कोई भ्रम की स्थिति नहीं है. पार्टी की अध्यक्ष शिउली कुंडू ने 28 मई 2026 को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ-साथ अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया था. जानकारी के मुताबिक काकोली घोष दस्तीदार ने 18 मई 2026 की तारीख का टीएमसी से अलग गुट होने का पत्र स्पीकर को भेजा था. इसके बाद, एनसीपीआई की राजनीतिक मामलों की समिति (पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी) ने काकोली को 31 मई को पार्टी का निर्वाचित अध्यक्ष चुना था.

### शिउली कुंडू ने 2022 में पार्टी की शुरुआत की थी

बता दें कि हावड़ा की रहने वाली और पेशे से वकील शिउली कुंडू समेत तीन लोगों ने 'NCPI' नाम से इस पार्टी की शुरुआत की. मीडिया के सवालों के जवाब में शिउली ने बताया कि उन्होंने 2022 में पार्टी की शुरुआत की थी. पार्टी हावड़ा के संकराइल में बनी थी. इस पार्टी ने 2023 में त्रिपुरा चुनाव लड़ा था. उसी साल उन्होंने बंगाल पंचायत चुनाव में भी अपने कैंडिडेट खड़े किए थे. शिउली कुंडू पार्टी की फाउंडर और प्रेसिडेंट थीं. जनरल सेक्रेटरी का नाम सैकत दास था. बाद में एक कमेटी बनी, और कई लोग मेंबर के तौर पर भी जुड़े.

### पार्टी की अध्यक्ष पद से दे दिया था इस्तीफा



शिउली के पति उत्तिया कुंडू भी पार्टी के मेंबर थे. शिउली ने कहा कि उन्होंने पर्सनल वजहों से एक महीने पहले इस्तीफा दे दिया था. उन्होंने कहा कि वह सोशल वर्क करती हैं, वकील हैं, इसलिए उन्होंने पार्टी छोड़ दी. उन्होंने कहा कि वह खासकर महिलाओं के साथ काम करती हैं.

यह सुनकर कि 20 MP NCPI में शामिल हो रहे हैं, शिउली ने कहा, "पार्टी बहुत बड़ी जगह जा रही है, यह सुनकर अच्छा लगा." सोमवार को हावड़ा में संबंधित पते पर सेंट्रल फोर्स तैनात की गई थी. सुबह से रात तक वहां फोर्स की मौजूदगी देखी गई.

### कुणाल घोष ने विलय पर उठाए सवाल

दूसरी ओर, टीएमसी के प्रवक्ता और विधायक कुणाल घोष ने टीएमसी के बागी सांसदों के विलय पर सवाल उठाया. उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि वे एक पार्टी से जीते, फिर दूसरी पार्टी के नेताओं के घर गए, मीटिंग कीं, और तीसरी पार्टी में शामिल हो गए। ऐसा काम पहले कभी नहीं हुआ.

उन्होंने कहा कि इस तीसरी पार्टी में शामिल होने का अनाउंसमेंट उन्होंने दूसरी पार्टी के साथ मीटिंग के बाद खुद किया. यह साफ नहीं है कि पहली पार्टी के एक गुट और दूसरी पार्टी के बीच हुई मीटिंग में तीसरी पार्टी का कोई सदस्य मौजूद था या नहीं. यह पता नहीं है कि तीसरी पार्टी में शामिल होने को लेकर पहली पार्टी के गुट की मीटिंग तीसरी पार्टी के किसके साथ हुई थी, या दूसरी पार्टी ने खुद उनके लिए सीटें बुक की थीं.

## 2.3 करोड़ की हुई दिल्ली, जनगणना के पहले फेज में बड़ा खुलासा; जानें अब आपके जिले में हैं कितने लोग

**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** दिल्ली में 14 जून को खत्म हुए जनगणना 2027 के पहले चरण में दिल्ली की आबादी 2.3 करोड़ पहुंच जाने के आंकड़े सामने आए हैं। इस चरण में मकानों की गणना 75 लाख 98 हजार के पार पहुंची है। हालांकि अधिकारियों ने कहा आबादी के आंकड़े स्थायी नहीं हैं। फरवरी में होने वाली अंतिम जनगणना में सही आंकड़े सामने आएंगे।



जनगणना के पहले चरण में गणनाकर्मियों द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार दिल्ली के 13 जिलों में 75,98,982 मकानों और 54,98,560 परिवारों का सर्वे किया गया।

### 45,863 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में रहते इतने लोग

यह कार्य 45,863 'हाउस लिस्टिंग ब्लॉक' (एचएलबी) के माध्यम से किया गया और एक एचएलबी में लगभग 180 मकान होते हैं। पहले चरण में पता चला है कि दिल्ली में 2,30,78,796 लोग सामान्य रूप से निवास कर रहे हैं। जनगणना के पहले चरण में मकानों की स्थिति, सुविधाओं और संपत्तियों से जुड़े 33 सवाल पूछे गए हैं। यह अभियान 16 मई से शुरू होकर 14 जून तक चला। इस कार्य में 50 हजार से अधिक कर्मचारियों को लगाया गया था। नई दिल्ली ज़िले में 16 अप्रैल से 15 मई तक घर जनगणना का पहला चरण पूरा किया गया था। जिलावार आंकड़ों के अनुसार उत्तर-पूर्व जिले की जनसंख्या सबसे अधिक 28,68,949 दर्ज की गई। इसके बाद दक्षिण-पश्चिम की जनसंख्या 25,00,195, पश्चिम की 24,42,346 और दक्षिण-पूर्व की 22,70,778 दर्ज की गई। नई दिल्ली जिले की जनसंख्या सबसे कम 2,44,929 दर्ज की गई है।

### दिल्ली को मिला पहला महिला थाना, महिलाओं की सुरक्षा को मिलेगी नई दिशा



**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए दिल्ली में पहला महिला थाना शुरू कर दिया गया है। उत्तरी जिला के सब्जी मंडी थाना परिसर स्थित महिला अपराध सेल को पूर्ण महिला थाने का दर्जा दिया गया है। इसकी कमान इंस्पेक्टर लक्ष्मी सिंह को सौंपी गई है। यह थाना दुष्कर्म, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानव तस्करी और महिलाओं से जुड़े अन्य गंभीर मामलों की जांच और पंजीकरण करेगा। फिलहाल यहां 50 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं और 24 घंटे विशेष इमरजेंसी रिस्पांस टीम भी उपलब्ध रहेगी। पुलिस के अनुसार, इसका उद्देश्य महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए सुरक्षित और संवेदनशील माहौल उपलब्ध कराना है।

## भारतीयों की मौत पर भड़के केजरीवाल, ट्रंप को बताया 'कायर और हत्यारा'

**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** आम आदमी पार्टी (AAP) के राष्ट्रीय संयोजक Arvind Kejriwal ने अमेरिकी हमलों में भारतीय नागरिकों की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump पर तीखा हमला बोला है। केजरीवाल ने ट्रंप को 'कायर और हत्यारा' बताते हुए कहा कि भारतीयों की मौत के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा। सोमवार को जारी एक वीडियो संदेश में केजरीवाल ने कहा कि अमेरिकी हमलों में जिन भारतीयों की जान गई है, उसके लिए सीधे तौर पर राष्ट्रपति ट्रंप जिम्मेदार हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि 8 जून, 10 जून और 11 जून को हुए हमलों के दौरान जिन जहाजों को निशाना बनाया गया, उनमें कुल 68 भारतीय सवार थे और इनमें से तीन भारतीयों की मौत हो गई।

### इस घटना से पूरा देश गुस्से में है: केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि इस घटना के बाद पूरे देश में गुस्सा है, लेकिन अमेरिका ने न तो भारतीयों की मौत पर कोई खेद व्यक्त किया और न ही संवेदना जताई।

उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका की ओर से भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की गई और इस पूरे मामले में केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया बेहद कमजोर रही।

### केंद्र सरकार से सवाल-इतने मजबूर क्यों?

AAP प्रमुख ने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि आखिर भारत सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने इतनी मजबूरी क्यों दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि भारतीयों की जान की कीमत पर किसी भी देश को मनमानी करने की इजाजत नहीं दी जा सकती और भारत को अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए दृढ़ रुख अपनाना चाहिए।



इस बीच, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब मामलों के प्रभारी Manish Sisodia ने भी घटना की निंदा करते हुए अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई। पार्टी नेताओं ने मांग की कि भारतीय नागरिकों की मौत के मामले में जवाबदेही तय की जाए और केंद्र सरकार इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाए। AAP का आरोप है कि भारतीय नागरिकों की मौत जैसे गंभीर मुद्दे पर केंद्र सरकार की चुप्पी चिंता का विषय है और देश को इस मामले में स्पष्ट एवं सख्त रुख अपनाना चाहिए।

### तृणमूल के 20 बागी सांसदों का 'नया ठिकाना'... जानिए नेशनल सिटीजन्स पार्टी के बारे में सबकुछ




**नई दिल्ली (राजधानी चौपाल) :** तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (NCPI) में विलय की घोषणा की है. पहले अज्ञात रही यह पार्टी अब राष्ट्रीय राजनीति में अहम खिलाड़ी बन गई है. बागी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष से अलग संसदीय समूह के तौर पर मान्यता मांगी है, जिससे NCPI सुर्खियों में है.

## हिसार समाचार

### भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक आयोजित

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित जिला पदाधिकारियों की बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा सरकार में चेयरमैन भारत भूषण जुआल और जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ मौजूद रहीं। डॉ. खेदड़ ने सभी बूथों को डिजिटल और भौतिक रूप से सक्रिय बनाने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में जनसंपर्क अभियान, प्रवास कार्यक्रम और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां भी तय की गईं।

### हरि नाम संकीर्तन में झूमे श्रद्धालु

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में श्रीगौर हरि युवा संकीर्तन सोसाइटी एवं श्रीगौर हरि संकीर्तन मंडल के संयुक्त तत्वाधान में मोहनदेवी मंदिर में हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। भजन गायक भैया कृष्ण दास ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। पूरी रात चले संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने सामूहिक भजन-कीर्तन और नाम स्मरण के माध्यम से राधा-कृष्ण की आराधना की। कार्यक्रम के बाद संस्था द्वारा वृंदावन में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसमें करीब 100 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

### शांति नगर कुटिया में दीक्षा दिवस समारोह मनाया गया

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** परमहंस श्रीयोग दरबार ब्रह्म ज्ञान मंदिर, शांति नगर के तत्वाधान में ब्रह्मलीन संत उपरामानंद महाराज का दीक्षा दिवस समारोह आज प्रात: मनाया गया। हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान सभा के सेवादारों ने श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ किया। अनेक भजन गायकों ने भजनों की वर्षा करके समां बांध दिया। इस अवसर पर संत रामानंद सहित अन्य संतों ने अपने आर्शीवचन दिए। इस दौरान संत मंडली ने केक भी काटा। समारोह में उपस्थित भक्तों ने संत उपरामानंद महाराज को याद करते हुए उनके द्वारा दिखाए मार्ग पर चलने के अपने संकल्प को दोहराया। समाजसेवी डॉ. तिलकराज ढींगड़ा व सुमन ने सभी संत मंडली का सम्मान किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर भंडारा चलाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### ऊषा प्रियदर्शनी को महिला आयोग का चेयरमैन बनाये जाने पर स्वामी समाज में खुशी की लहर

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** जिला स्वामी (बैरागी ) सभा ने ऊषा प्रियदर्शनी को महिला आयोग का चेयरमैन बनाये जाने पर प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया है। सभा ने इस सबंध में बैठक की। सभा के जिला प्रधान बीरबल स्वामी कैमरी ने कहा कि हरियाणा सरकार में लगातार दूसरी बार स्वामी समाज को प्रतिनिधित्व देने पर समाज में खुशी की लहर है। उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त चेयरमैन ऊषा प्रियदर्शनी को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। बैठक में समाज के गणमान्य व्यक्तियों में संरक्षक चन्द्रभान, उपप्रधान सुभाष स्वामी, सज्जन बैरागी, राजमल स्वामी, शेर सिंह बैरागी, खजांची डॉ. इंद्रपाल, सचिव निरंजन, मीडिया प्रभारी रविंद्र शास्त्री सह सचिव रामफल सरसाना राजेंद्र स्वामी आदि उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए लाडवा में विशेष शिविर आयोजित

**हिसार (राजधानी चौपाल):** गांव लाडवा में फर्स्ट वुमन सोशल वेलफेयर सोसाइटी, सांझा मंच और हिसार पुलिस के सहयोग से नशामुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मानसिक तनाव और अवसाद से बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई। महिलाओं को पौधे और बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गईं। पुलिस अधिकारियों ने नशे के खिलाफ समाज की भागीदारी पर जोर देते हुए अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की। अंत में उपस्थित लोगों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

### योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव : प्रवीण पोपली

**हिसार (राजधानी चौपाल):** भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा जिंदल पार्क में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के तीसरे दिन हिसार नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली और समाजसेवी डॉ. भूषण सुदर्शन बंसल ने शिरकत की। मेयर ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया और साधकों के साथ योगाभ्यास भी किया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित और अनुशासित जीवन का आधार है। शिविर में योगासन, प्राणायाम, ध्यान और योगिक नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रविवार को 470 साधकों ने भाग लिया, जबकि 358 लोग सुबह 5:30 बजे तक पहुंचकर लकी कूपन योजना का हिस्सा बने।

### चैनत की पेयजल समस्या पर ग्रामीणों के साथ खड़े हुए निशित कटारिया

**हिसार (राजधानी चौपाल) :** हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने हांसी के चैनत गांव में पेयजल समस्या को लेकर चल रहे धरने में पहुंचकर ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने आंदोलनकारियों को 11 हजार रुपये की सहायता राशि भी भेंट की। कटारिया ने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की पहली जिम्मेदारी है और पानी जैसी मूलभूत सुविधा से किसी भी नागरिक को वंचित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने आंदोलन में शामिल ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांग उठाना हर नागरिक का अधिकार है। कटारिया ने कहा कि हांसी क्षेत्र के लिए पेयजल पाइपलाइन की मांग को लेकर 36 बिरादरी के लोग एकजुट होकर संघर्ष कर रहे हैं, जो जनहित का मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग इस गंभीर समस्या पर भी राजनीति कर रहे हैं। युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को विधानसभा और लोकसभा में मजबूती से उठाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस उनके संघर्ष में पूरी मजबूती के साथ साथ खड़ी है।

## गुरुग्राम में 16 जून से चलेगा SIR, 14 जुलाई तक घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ



**गुरुग्राम (राजधानी चौपाल) :** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर-2026) अभियान आज से शुरू होगा। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो और निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाया जा सके। अभियान 14 जुलाई तक चलेगा।

अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे। इस दौरान मतदाता सूची में दर्ज विवरण का सत्यापन किया जाएगा तथा नए पात्र मतदाताओं, स्थानांतरित मतदाताओं एवं संशोधन से संबंधित जानकारी एकत्रित की जाएगी। अभियान के अंतर्गत मतदाताओं के लिए चार महत्वपूर्ण कदम निर्धारित किए गए हैं।

सेवाओं तक आसान पहुंच के लिए मतदाता ईसीआईनेट एप डाउनलोड करें। इसके माध्यम से ई-ईपीआईसी, मतदाता सूची में नाम की जांच, मतदान केंद्र की जानकारी तथा अन्य निर्वाचन सेवाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। ईसीआईनेट ऐप के माध्यम से बीएलओ से संपर्क कर मार्गदर्शन, सहायता एवं समस्याओं के समाधान के लिए काल बुक कर सकते हैं।

मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाने के लिए सभी मतदाता अपना नवीनतम फोटो उपलब्ध करा सकते हैं। घर-घर संपर्क अभियान के दौरान मतदाता बीएलओ की सेवाओं के संबंध में अपना अनुभव साझा कर सकते हैं, जिससे निर्वाचन सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

## कुश्ती, फुटबॉल से लेकर शादी-समारोह तक. पटौदी में बन रहा मल्टीपर्पज शेड, नगर परिषद ने तेज किया काम

**गुरुग्राम (राजधानी चौपाल) :** पटौदी जाटोली मंडी नगर परिषद के अंतर्गत जाटोली के प्रसिद्ध बाबा हरदेव मंदिर परिसर के सामने अब स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों को खेलकूद एवं अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए एक आधुनिक मिनी स्टेडियम जैसी सौगात मिलने जा रही है। नगर परिषद द्वारा लगभग 100 फीट लंबे तथा 100 फीट चौड़े खेल मैदान पर शेड का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसके दो तरफ दर्शकों के बैठने के लिए सीढ़ियों (गैलरी) का निर्माण पहले ही किया जा चुका है।

इस आधुनिक शेड के बनने से जहां खिलाड़ी चिलचिलाती धूप और वर्षा में भी बिना किसी बाधा के अभ्यास कर सकेंगे, वहीं पारंपरिक कुश्ती दंगल एवं अन्य खेल प्रतियोगिताएं भी मौसम से प्रभावित नहीं होंगी। मालूम हो कि बाबा हरदेवा मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष धुलेंडी के पावन अवसर पर एक विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रदेशभर के नामी पहलवान (महिला व पुरुष) हिस्सा लेते हैं।

इसके अतिरिक्त स्थानीय युवा यहां नियमित रूप से फुटबाल और बैडमिंटन जैसे खेलों का अभ्यास करते हैं। पहले खुला मैदान होने के कारण वर्षा एवं खराब मौसम में खेल गतिविधियां रुक जाती थीं। अब इस शेड के बनने से इन परिस्थितियों में भी यहां खेल एवं सामाजिक आयोजन हो सकेंगे।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण ठाकरिया ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग एक करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। शेड के पिलर (कालम) खड़े कर ऊपर शेड डालने का काम पूरा हो चुका है। अब पिलरों पर सुंदर पत्थर लगाने का कार्य शेष है। शेड का निर्माण अहमदाबाद के कुशल कारीगरों द्वारा किया जा रहा है, जिससे यह न केवल दिखने में बेहद आकर्षक होगा बल्कि इसकी उम्र (लाइफ) भी लंबी होगी।

मुख्य द्वार पर गो-माता की सुंदर प्रतिमाएं भी लगाई जाएंगी क्योंकि बाबा हरदेव की पहचान एक महान गऊ भक्त और गऊ पालक के रूप में भी रही है। इस इंडोर मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए आधुनिक लाइटें और पंखे लगाए जाएंगे, ताकि रात के समय भी खिलाड़ी अभ्यास कर सकें। बाबा हरदेव मंदिर में रविवार को भंडारे और अक्सर जागरण एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं। यह शेड तैयार होने के बाद लोग विवाह-शादियों और सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए भी इसका उपयोग कर सकेंगे।

## अंबाला में थाने में वकील से मारपीट-कपड़े उतरवाने और जातिसूचक टिप्पणी के आरोप, हाई कोर्ट पहुंचा मामला




**चंडीगढ़ (राजधानी चौपाल) :** अंबाला के एक अधिवक्ता और उसके परिवार के साथ कथित पुलिस अत्याचार के मामले में पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को निर्देश दिया है कि मामले की जांच कराई जाए और जांच रिपोर्ट अगली सुनवाई पर अदालत के समक्ष पेश की जाए।

मामला अंबाला के मुलाना थाना क्षेत्र का है। जिला अदालत अंबाला में प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ता ऋतेश कुमार ने आरोप लगाया कि जमीन विवाद से जुड़े एक मामले में शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो पुलिस अधिकारियों ने उनके और परिवार के साथ अमानवीय व्यवहार किया।

याचिका में आरोप लगाया गया कि पुलिस अधिकारियों ने जातिसूचक टिप्पणियां की, गालियां दी और अपमानित किया। इतना ही नहीं, एक एएसआई पर रिवाल्वर निकालकर जूता चाटने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उन्हें और उनके स्वजन को लाकअप में बंद कर कपड़े उतरवाए गए तथा डंडों से पीटा गया। इन गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्होंने दर्ज तीन एफआईआर की जांच चंडीगढ़ पुलिस को सौंपने की मांग की है।

सुनवाई के दौरान डीजीपी हरियाणा की ओर से दाखिल हलफनामे में बताया गया कि प्रारंभिक जांच में एएसआई प्रेमपाल और ईएएसआई सतपाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध बनता पाया गया। इसके बाद दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हाई कोर्ट के जस्टिस संदीप मौदगिल ने कहा कि मामले में लगाए गए आरोप बेहद गंभीर हैं। अदालत ने उम्मीद जताई कि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से होगी। साथ ही निर्देश दिया कि अंबाला रेंज के आइजी द्वारा की जा रही जांच की रिपोर्ट अगली सुनवाई पर पेश की जाए।

## हरियाणा में 17 जून तक आंधी-तूफान के साथ झमाझम होगी बारिश, फिर उमस भरी गर्मी करेगी परेशान



**हिसार (राजधानी चौपाल) :** हरियाणा, एनसीआर व दिल्ली में बड़े पैमाने पर वर्षा का दौर फिलहाल थम गया है, लेकिन अगले तीन-चार दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 15 जून से सक्रिय हो रहे कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 17 जून तक प्रदेश में तेज हवाएं, आंधी-अंधड़, बादलों की आवाजाही व कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि वर्तमान में पूर्वी राजस्थान और मध्य प्रदेश के मध्य हिस्सों पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके साथ एक ट्रफ लाइन भी सक्रिय है। जिसके प्रभाव से राजस्थान और मध्य प्रदेश के कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी व ओलावृष्टि दर्ज की जा रही है।

इसका असर हरियाणा के दक्षिणी जिलों में भी देखने को मिला है। शनिवार को चरखी दादरी, रेवाड़ी के कोसली क्षेत्र में आंधी और हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि झोझू कलां क्षेत्र में ओलावृष्टि हुई। आगामी दिनों में भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में इसी प्रकार की छिटपुट मौसम गतिविधियां जारी रह सकती हैं। जून के दूसरे पखवाड़े में प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ेंगी, लेकिन 19 जून के बाद पश्चिमी शुष्क हवाओं के प्रभाव से तापमान में फिर बढ़ोतरी हो सकती है। इससे दिन और रात दोनों के तापमान में इजाफा होगा तथा लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। कुछ क्षेत्रों में हीट वेव जैसी परिस्थितियां बनने की भी आशंका है।

उन्होंने बताया कि 22 जून के आसपास एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिससे मौसम में दोबारा बदलाव देखने को मिल सकता है। फिलहाल मानसून की रफ्तार धीमी बनी हुई है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में कोई मजबूत निम्न दबाव क्षेत्र विकसित नहीं होने के कारण हरियाणा-एनसीआर में मानसून के निर्धारित समय पर पहुंचने की संभावना कम दिखाई दे रही है।

रविवार को प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान रोहतक में 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान भिवानी में 19.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। हिसार में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से नीचे बना हुआ है।

## पंजाब-हरियाणा जिला बार एसोसिएशन चुनाव का बिगुल बजा, 11 सितंबर को होगा मतदान

**बादशाहपुर (राजधानी चौपाल) :** पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल ने प्रदेश की सभी जिला बार एसोसिएशनों के चुनाव को लेकर नया चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। जारी शेड्यूल के अनुसार 11 सितंबर को सभी बार एसोसिएशनों में मतदान कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए बार काउंसिल ने नामांकन, मतदाता सूची तैयार करने, आपत्तियां दर्ज कराने और अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने सहित सभी रणों की तिथियां निर्धारित कर दी हैं। चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत अधिवक्ताओं द्वारा शपथ पत्र और सदस्यता शुल्क जमा कराने से होगी। इसके बाद संबंधित बार एसोसिएशन पात्र मतदाताओं की सूची तैयार कर बार काउंसिल को भेजेंगी। सूची पर प्राप्त आपत्तियों के निपटारे के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी नामांकन, नाम वापसी और मतदान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे।


बार काउंसिल का कहना है कि चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही संपन्न कराए जाएंगे और सभी बार एसोसिएशनों को दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा। चुनावों को लेकर अधिवक्ताओं में भी उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि विभिन्न पदों के लिए संभावित उम्मीदवारों ने अभी से संपर्क अभियान शुरू कर दिए हैं।


इन चुनावों के माध्यम से बार एसोसिएशनों के नए पदाधिकारियों का चयन होगा, जो आगामी कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हितों और बार की गतिविधियों का संचालन करेंगे। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ ही प्रदेशभर की बार एसोसिएशनों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं।

**चुनाव शेड्यूल**

| तारीख | विवरण |
|---|---|
| 23 जुलाई | अधिसूचनाओं द्वारा शपथ पत्र/डेंकलेरेशन जमा करने की अंतिम तिथि |
| 3 अगस्त | • बार एसोसिएशन द्वारा पात्र मतदाताओं की सूची बार काउंसिल को भेजने की अंतिम तिथि।<br>• रिटर्निंग ऑफिसर/चुनाव समिति के नाम भेजने की अंतिम तिथि।<br>• मतदाता सूची नोटिस बोर्ड व अन्य माध्यमों से जारी करना |
| 10 अगस्त | बार काउंसिल द्वारा मतदाता सूची चुनाव अधिकारी को उपलब्ध कराना |
| 14 अगस्त | बार एसोसिएशन में मतदाता सूची लगाने की तिथि |
| 19 अगस्त | मतदाता सूची को लेकर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि |
| 26 अगस्त | आपत्तियों का निपटारा |
| 31 अगस्त | बार एसोसिएशन के खातों का ऑडिट पूरा कर नोटिस बोर्ड पर लगाने की अंतिम तिथि |
| 11 सितंबर | पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की सभी बार एसोसिएशनों में मतदान होगा |

## गुरुग्राम में पेट्रोल पंपों पर नए नियम लागू, बोतल और ड्रम में नहीं मिलेगा किसी को तेल





**गुरुग्राम (राजधानी चौपाल) :** शहर के सभी पेट्रोल पंप पर शुक्रवार से नए नियम लागू हो गए हैं कि वह अब 200 लीटर से अधिक डीजल तेल एक साथ नहीं ले सकेंगे। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि शुक्रवार से यह नियम प्रभावी हो गए हैं। नए नियमों से कमर्शियल वाहनों के लिए परेशानी खड़ी हो गई है, क्योंकि उन्हें बार-बार पेट्रोल पंप पर जाना होगा। विशेषकर उन कमर्शियल वाहनों को अधिक कठिनाई होगी, जो एक बार में टंकी भरवाकर 700 लीटर तेल लेकर राजस्थान व अन्य राज्यों में जाते हैं। हरियाणा के मुकाबले राजस्थान में तेल की कीमत अधिक है। भारत सरकार के आदेश में कहा गया है कि पीइएसओ और एचएसडी लाइसेंस वाले वाहनों को 200 लीटर से अधिक तेल दिया जा सकता है।

**जेनरेटर चलाने में परेशानी**

सबसे अधिक समस्या जेनरेटर चलाने में होगी, क्योंकि इसके लिए तेल कहां से आएगा। पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि वह अब एक-दो लीटर बोतल तेल नहीं देंगे और न ही ड्रम में देंगे। अक्सर जेनरेटर चलाने के लिए लोग 50-100 लीटर ड्रम में लेकर जाते थे। अब उन्हें जेनरेटर के लिए तेल लेने में कठिनाई होगी। सरकार के सख्त आदेश हैं कि यदि कोई पेट्रोल पंप नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**अब बोतल में भी नहीं मिलेगा तेल**

यदि रास्ते में आपकी कार, स्कूटर या बाइक में तेल खत्म हो गया और आप पेट्रोल पंप पर बोतल में तेल लेने गए, तो आपको नहीं मिलेगा। यदि आपको तेल चाहिए, तो पेट्रोल पंप पर गाड़ी लेकर जानी होगी। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी केके गोयल का कहना है कि सभी पेट्रोल पंप पर हमारी नजर रहेगी और यदि कोई पेट्रोल पंप नियमों का पालन नहीं करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा के 5 जिले NCR में ही रहेंगे

### NCR से बाहर करने का प्रस्ताव खारिज होने के संकेत, केंद्र और संबंधित एजेंसियों के स्तर पर सहमति बनने की संभावना कम।




**चंडीगढ़ (राजधानी चौपाल) :** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की सीमा में बदलाव को लेकर हरियाणा सरकार को बड़ा झटका लग सकता है। राज्य सरकार ने महेंद्रगढ़, जींद, भिवानी, चरखी दादरी और करनाल जिलों को एनसीआर क्षेत्र से बाहर करने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की आगामी बैठक के एजेंडे से संकेत मिल रहे हैं कि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना कम है। यदि बोर्ड मौजूदा प्रस्ताव को स्वीकार करता है तो 55,083 वर्ग किलोमीटर में फैला एनसीआर क्षेत्र पहले की तरह यथावत रहेगा और हरियाणा का सब-रीजनल प्लान भी बिना किसी बदलाव के लागू रहेगा।

हरियाणा सरकार का तर्क था कि एनसीआर के कड़े नियमों और पर्यावरणीय प्रतिबंधों के कारण इन जिलों में औद्योगिक, आवासीय और आधारभूत विकास परियोजनाओं को गति देने में कठिनाई आ रही है। सरकार चाहती थी कि इन जिलों को एनसीआर से बाहर कर विकास कार्यो को अधिक लचीले ढंग से आगे बढ़ाया जा सके। हालांकि बोर्ड की प्रस्तावित कार्यसूची से स्पष्ट है कि फिलहाल एनसीआर की सीमा घटाने के पक्ष में सहमति नहीं बन पाई है।

इस बीच एनसीआर-2041 योजना के तहत क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने की तैयारी की जा रही है। दिल्ली पर बढ़ते जनसंख्या दबाव को कम करने के लिए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में नई ग्रीनफील्ड टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव बैठक में प्रमुखता से रखा जाएगा। हरियाणा में केएमपी एक्सप्रेस-वे के आसपास प्रस्तावित पंचग्राम परियोजना को विशेष महत्व दिया जा रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश में न्यू नोएडा (यमुना सिटी) और राजस्थान में भी आधुनिक स्मार्ट शहर विकसित करने की योजना है।

इन नए शहरों को केवल आवासीय क्षेत्रों के रूप में नहीं बल्कि रोजगार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन और डिजिटल सेवाओं से युक्त आत्मनिर्भर शहरी केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां आधुनिक जल प्रबंधन, बिजली आपूर्ति और कचरा निस्तारण जैसी सुविधाओं की व्यवस्था भी की जाएगी।

बैठक में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी जोर रहेगा। दिल्ली-पानीपत-करनाल, दिल्ली-अलवर और दिल्ली-नोएडा-गाजियाबाद जैसे रैपिड रेल कॉरिडोरों को गति देने पर चर्चा होगी। इसके अलावा दिल्ली-गुरुग्राम-अलवर और दिल्ली-पानीपत-करनाल नमो भारत कॉरिडोर को भी प्राथमिकता दी जा सकती है। योजना का उद्देश्य एनसीआर के प्रमुख शहरों को दिल्ली से 30 मिनट से एक घंटे की दूरी के दायरे में लाना है।

एनसीआर-2041 की रूपरेखा हरियाणा को एक बड़े आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित करने पर भी केंद्रित है। मानेसर-बावल ऑटो क्लस्टर, गुरुग्राम-फरीदाबाद औद्योगिक क्षेत्र, झज्जर-सोनीपत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और नांगल चौधरी में प्रस्तावित मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब जैसे प्रोजेक्ट राज्य की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे सकते हैं। ऐसे में एनसीआर की सीमा भले ही यथावत रहे, लेकिन प्रस्तावित विकास योजनाओं से हरियाणा को दीर्घकालिक आर्थिक और बुनियादी ढांचा लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अब सभी की निगाहें एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की बैठक पर टिकी हैं, जहां इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# आ गया सरकार का AI चैटबॉट Suntosh, सोलर पैनल लगाने से होगी कितनी बचत? तुरंत देगा जानकारी

## MNRE ने लॉन्च किया WhatsApp आधारित AI असिस्टेंट SUNtosh, देगा सोलर से जुड़े हर सवाल का सटीक जवाब

नई दिल्ली।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने WhatsApp आधारित AI पावर्ड Renewable Energy चैटबॉट असिस्टेंट SUNtosh को लॉन्च किया है। यह चैटबॉट PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana के तहत उपभोक्ताओं को सोलर से जुड़ी व्यक्तिगत सलाह देने के लिए तैयार किया गया है।

SUNtosh उपभोक्ताओं को तुरंत जानकारी देता है— सही सोलर प्लांट का साइज, संभावित बचत, सब्सिडी का लाभ और भरोसेमंद वेंडर से जुड़ने तक।

इस चैटबॉट को इस्तेमाल करने के लिए आपको सिर्फ दो जानकारी देनी होती है—अपने घर का बिजली लोड सैंक्शन और लेटेस्ट बिजली बिल। इन आधारों पर SUNtosh आपको कुछ ही सेकंड में सटीक और व्यक्तिगत सलाह देता है।

### SUNtosh कैसे करता है काम?

1. घर के लिए कितना बिजली लोड सैंक्शन है?
2. आपके लेटेस्ट बिजली बिल की जानकारी

**इन दो जानकारियों के आधार पर SUNtosh देता है:**

- घर के लिए सही रूफटॉप सोलर सिस्टम की सुझाई गई क्षमता
- महीने के बिजली बिल में उम्मीद की कमी
- रूफटॉप सोलर सिस्टम से जीवन भर की अनुमानित बचत
- भरोसेमंद वेंडर से जुड़ने में मदद

SUNtosh सब्सिडी, बचत और सोलर सिस्टम को समझने की प्रक्रिया को आसान बनाता है और बिना किसी तकनीकी विशेषज्ञता के सही निर्णय लेने में मदद करता है।

### SUNtosh के प्रमुख फायदे

- सेकंड में व्यक्तिगत सलाह
- बचत और सब्सिडी का सटीक अनुमान
- सरल, आसान और उपयोगकर्ता के अनुकूल
- सरकारी योजना की विश्वसनीय जानकारी
- 1 करोड़ घरों में सोलर अपनाने में सहायक

### क्यों है यह जरूरी?

- PM Surya Ghar: Muft Bijli Yojana का लक्ष्य एक करोड़ घरों में सोलर अपनाने को सक्षम बनाना है।
- लागत, बचत, सब्सिडी और सही सिस्टम की जानकारी समझना कई उपभोक्ताओं के लिए चुनौतीपूर्ण है।
- SUNtosh WhatsApp के जरिए सोलर से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी को सरल, तेज और सुलभ बनाता है।

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
भारत सरकार

## मिलिए SUNtosh से आपके सोलर साथी!

आपके सवाल, तुरंत जवाब



### SUNtosh को ऐसे करें एक्सेस

बस WhatsApp पर SUNtosh से चैट शुरू करें!

QR कोड स्कैन करें

या संदेश भेजें: +91 70653 05900 और चैट शुरू करें

---

सावधान!

# हैलो बोलते ही कट जाता है कॉल! साइलेंट कॉल स्कैम से ऐसे बचें

**स्कैमर्स आपकी आवाज सुनकर यह पता लगाते हैं कि आपका नंबर सक्रिय है या नहीं, फिर आपके नंबर को टारगेट सूची में शामिल कर सकते हैं।**

आजकल लोगों को बार-बार अनजान नंबरों से कॉल आ रही हैं। आप कॉल उठाते हैं और "हैलो" बोलते ही सामने से तुरंत कॉल कट जाती है। यह नेटवर्क समस्या नहीं, बल्कि स्कैमर्स द्वारा किया जाने वाला साइलेंट कॉल स्कैम हैं।




### क्या है साइलेंट कॉल स्कैम?

1. स्कैमर्स हजारों कॉल करने के लिए ऑटोमेटेड सिस्टम का इस्तेमाल करते हैं। →
2. जैसे ही आप कॉल का जवाब देते हैं और "हैलो" कहते है, →
3. स्कैमर्स को पता चल जाता है कि आपका नंबर सक्रिय है। →
4. आपका नंबर सक्रिय मार्क हो जाता है और आपके नंबर को टारगेट सूची में जोड़ दिया जाता है।

### क्या न करें?

- अनजान साइलेंट कॉल आने पर कॉल बैक करने की गलती न करें।
- कॉल बैक करने से आपका नंबर स्कैमर्स की टारगेट सूची में शामिल हो सकता है।
- किसी भी अनजान नंबर को अपनी व्यक्तिगत जानकारी न दें।

### साइलेंट स्कैम कॉल्स आए तो क्या करें?

- तुरंत कॉल को डिस्कनेक्ट कर दें।
- बार-बार आने वाले अनजान नंबरों को ब्लॉक करें।
- NCRP (राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल) पर जाएं।
- Check & Report सेक्शन के माध्यम से संदिग्ध नंबरों की शिकायत दर्ज करें।

### सहायता के लिए

- **1930 हेल्पलाइन नंबर** पर कॉल करें। कॉल की संख्या अधिक होने पर सहायता मिलने में कुछ समय लग सकता है।
- आप **http://cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें।

**ध्यान रखें** | सतर्क रहें, सुरक्षित रहें –जागरूकता ही बचाव है!

---

नया लॉन्च

# iQOO Z9 5G

## ताकतवर परफॉर्मेंस, सुपरफास्ट 5G एक्सपीरियंस




**कैमरा**
50MP प्राइमरी कैमरा (OIS सपोर्ट)
2MP डेप्थ सेंसर
16MP फ्रंट कैमरा
नाइट मोड, पोर्ट्रेट मोड, HDR

**डिस्प्ले**
6.67 इंच FHD+ AMOLED
120Hz रिफ्रेश रेट
1800 निट्स पीक ब्राइटनेस
बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस

**प्रोसेसर**
Qualcomm Snapdragon 7 Gen 3 (4nm प्रोसेस)
लैग-फ्री और पावरफुल परफॉर्मेंस

**बैटरी**
5000mAh बड़ी बैटरी
44W फास्टचार्ज
कम समय में फुल चार्ज
पूरे दिन की पावर

**रैम और स्टोरेज**
8GB / 12GB RAM
128GB / 256GB स्टोरेज (UFS 2.2)
एक्स्ट्रा माइक्रो SD सपोर्ट नहीं

**कनेक्टिविटी**
5G डुअल सिम सपोर्ट
Wi-Fi 6, ब्लूटूथ 5.3
GPS, NFC, USB Type-C

**लॉन्च डेट**
**28 जून, 2025**

### और भी कमाल के फीचर्स

- IP54 डस्ट और स्प्लैश रेसिस्टेंट
- इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर
- डुअल स्टीरियो स्पीकर
- Ultra Game Mode
- Funtouch OS 14 (Android 14)
- स्लिम और प्रीमियम डिजाइन

### मुख्य विशेषताएं

- शानदार AMOLED डिस्प्ले 120Hz के साथ
- पावरफुल Snapdragon 7 Gen 3 प्रोसेसर
- 50MP OIS कैमरा – बेहतरीन फोटोग्राफी
- 5000mAh बैटरी + 44W फास्ट चार्जिंग
- 5G कनेक्टिविटी – सुपरफास्ट इंटरनेट
- स्टाइलिश डिजाइन और प्रीमियम फिनिश

### वेरिएंट और कीमत (भारत में)

| | |
|---|---|
| 8GB RAM + 128GB स्टोरेज | ₹19,999 |
| 8GB RAM + 256GB स्टोरेज | ₹21,999 |
| 12GB RAM + 256GB स्टोरेज | ₹23,999 |

### iQOO Z9 5G बैटरी डिटेल्स

भारतीय वेरिएंट में 5000mAh की बैटरी होगी, जबकि चीनी वेरिएंट में 6000mAh की बैटरी दी गई है.

कम कैपेसिटी के बावजूद इस फोन में चीनी वेरिएंट की तरह ही 44W फास्ट चार्जिंग सपोर्ट मिलेगा.

### क्यों खरीदें iQOO Z9 5G ?

बेहतरीन परफॉर्मेंस, बेहतरीन कैमरा, लंबी बैटरी लाइफ और 5G स्पीड – सब कुछ एक स्मार्ट चॉइस में!

लॉन्च के बाद यह फोन Amazon और mi.com पर उपलब्ध होगा.




डायबिटीज के इलाज में एक नई उम्मीद सामने आई है. वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई नई ओरल GLP-1 दवा ने क्लीनिकल ट्रायल के दौरान पॉजिटिव रिजल्ट देखने को मिले हैं. खास बात यह है कि यह दवा गोली के रूप में उपलब्ध है, जिससे उन मरीजों को बड़ी राहत मिल सकती है जो अब तक GLP-1 आधारित इंजेक्शन लेने के लिए मजबूर थे. शुरुआती ट्रायल में पाया गया कि यह दवा न केवल ब्लड शुगर लेवल को प्रभावी ढंग से कंट्रोल करने में मदद करती है, बल्कि वजन घटाने में भी असरदार साबित हो सकती है.

दुनियाभर में डायबिटीज के बढ़ते मामलों के बीच इस तरह की नई दवाओं का विकास बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है. अगर शुरुआती चरणों के ट्रायल भी सफल रहते हैं, तो यह ओरल GLP-1 दवा डायबिटीज मैनेजमेंट के तरीके को बदल सकती है और मरीजों को इंजेक्शन के बजाय एक आसान, सुविधाजनक और प्रभावी उपचार ऑप्शन प्रोवाइड करा सकती है.

## ट्रायल में क्या सामने आया?

एस्ट्राजेनेका द्वारा प्रायोजित फेज-2बी SOLSTICE ट्रायल में टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित 406 वयस्कों को शामिल किया गया. यह अध्ययन नौ देशों में 26 हफ्ते तक चलाया गया. शोधकर्ताओं के अनुसार, ट्रायल में शामिल प्रतिभागियों ने दवा को अच्छी तरह सहन किया और इसके परिणाम वर्तमान में उपलब्ध कुछ उपचार ऑप्शनों के बराबर या उनसे बेहतर नजर आए हैं.

## वजन घटाने में भी मिला फायदा

अध्ययन में यह भी पाया गया कि एलेकोग्लिप्रोन केवल ब्लड शुगर कंट्रोल तक सीमित नहीं है. दवा लेने वाले 72.3 प्रतिशत प्रतिभागियों का वजन कम से कम 5 प्रतिशत तक घटा, जबकि प्लेसीबो समूह में यह आंकड़ा 20.2 प्रतिशत रहा. इससे ये मान सकते हैं कि ये दवा मोटापे के इलाज में भी उपयोगी साबित हो सकती है.


## क्या हैं इसके साइड इफेक्ट्स?

शुरुआती ट्रायल में दवा की सेफ्टी प्रोफाइल अन्य GLP-1 दवाओं जैसी ही पाई गई. सबसे आम साइड इफेक्ट्स में मतली, उल्टी और मल त्याग की आदतों में बदलाव शामिल थे. हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि दवा की सुरक्षा और लंबे समय तक इसके प्रभावों को समझने के लिए बड़े स्तर पर फेज-3 ट्रायल की जरूरत होगी.

## भारत के लिए क्यों है अहम?

भारत में डायबिटीज मरीजों की संख्या 10 करोड़ से ज्यादा बताई जाती है. भारतीयों में अक्सर कम बॉडी मास इंडेक्स (BMI) होने के बावजूद शरीर में ज्यादा चर्बी और इंसुलिन रेजिस्टेंस देखने को मिलता है, जिससे डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है. ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी दवाएं, जो एक साथ ब्लड शुगर को कंट्रोल करें, वजन घटाएं और मेटाबॉलिक हेल्थ को बेहतर बनाएं, भारतीय मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकती हैं. अगर शुरुआती फेज-3 ट्रायल भी सफल रहते हैं, तो एलेकोग्लिप्रोन डायबिटीज के इलाज के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव ला सकती है.




# लस्सी रेसिपी (पंजाबी स्टाइल)



लस्सी पंजाब का एक पारंपरिक और लोकप्रिय पेय है, जो ताज़े दही को फेंटकर बनाया जाता है। अपनी मलाईदार बनावट, ताज़गी भरे स्वाद और पौष्टिक गुणों के कारण यह भारत के सबसे पसंदीदा पेयों में से एक है। लस्सी मीठी और नमकीन दोनों प्रकार से बनाई जाती है तथा विशेष रूप से गर्मियों में शरीर को ठंडक और ऊर्जा प्रदान करती है।आइए जानते हैं इसे बनाने की आसान विधि

*सामग्री:*

1. दही – 1 कप (ताज़ा और ठंडा)
2. ठंडा पानी – 1 कप
3. चीनी – 2 से 3 बड़े चम्मच (स्वादानुसार)
4. बर्फ के टुकड़े – 4-5
5. इलायची पाउडर – ¼ छोटा चम्मच (वैकल्पिक)
6. मलाई या मक्खन – 1 बड़ा चम्मच (गार्निश के लिए)

*बनाने की विधि:*

1. मिक्सर जार में दही, पानी और चीनी डालें।
2. 1-2 मिनट तक अच्छी तरह फेंटें, जब तक लस्सी झागदार न हो जाए।
3. बर्फ के टुकड़े और इलायची पाउडर डालकर फिर से हल्का ब्लेंड करें।
4. गिलास में निकालें और ऊपर से मलाई या सफेद मक्खन डालें।
5. ठंडी-ठंडी परोसें।

**विशेष टिप:** **सरसों दा साग, मक्की दी रोटी, सफेद मक्खन, गुड़ और ठंडी पंजाबी लस्सी का संयोजन एक संपूर्ण पारंपरिक पंजाबी भोजन का अनुभव देता है।**

# मक्की दी रोटी और सरसों दा साग (पंजाबी स्टाइल)



मक्की दी रोटी और सरसों दा साग पंजाब का एक पारंपरिक और बेहद लोकप्रिय व्यंजन है, जो विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में बनाया जाता है। मक्खन या देसी घी की परत, गुड़, हरी मिर्च और लस्सी के साथ परोसा गया यह व्यंजन पंजाबी संस्कृति, आतिथ्य और ग्रामीण जीवन की सादगी का प्रतीक माना जाता है।

विटामिन, आयरन और फाइबर से भरपूर सरसों दा साग और ऊर्जा प्रदान करने वाली मक्की दी रोटी न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है। यह व्यंजन भारत के सबसे प्रसिद्ध पारंपरिक भोजन में से एक माना जाता है। आइए जानते हैं इसे बनाने की आसान विधि:

*सामग्री:*

**सरसों दा साग के लिए**

सरसों के पत्ते – 500 ग्राम
पालक – 250 ग्राम
बथुआ – 250 ग्राम (वैकल्पिक)
हरी मिर्च – 3-4
अदरक – 2 इंच का टुकड़ा
लहसुन – 8-10 कलियां
प्याज – 1 बड़ा (बारीक कटा हुआ)
टमाटर – 2 मध्यम (कटे हुए)
मक्के का आटा – 2 बड़े चम्मच
घी या मक्खन – 3 बड़े चम्मच
नमक – स्वादानुसार
लाल मिर्च पाउडर – ½ छोटा चम्मच

**मक्की दी रोटी के लिए**

मक्के का आटा – 2 कप
गुनगुना पानी – आवश्यकतानुसार
नमक – ½ छोटा चम्मच
घी – सेंकने के लिए

*सरसों दा साग बनाने की विधि:*

**चरण 1: साग उबालें**

1. सरसों, पालक और बथुआ को अच्छी तरह धो लें।
2. इन्हें मोटा-मोटा काट लें।
3. प्रेशर कुकर में पत्ते, हरी मिर्च, आधा अदरक और थोड़ा नमक डालें।
4. 1 कप पानी डालकर 3-4 सीटी आने तक पकाएं।

**चरण 2: साग पीसें**

1. कुकर ठंडा होने पर मिश्रण को मथनी या मिक्सर से दरदरा पीस लें।
2. इसमें 2 बड़े चम्मच मक्के का आटा मिलाएं।
3. धीमी आंच पर 20-25 मिनट तक पकाएं और बीच-बीच में चलाते रहें।

**चरण 3: तड़का लगाएं**

1. कड़ाही में घी गर्म करें।
2. लहसुन और बचा हुआ अदरक भूनें।
3. प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।
4. टमाटर, लाल मिर्च और थोड़ा नमक डालकर पकाएं।
5. यह तड़का साग में डालकर 10 मिनट और पकाएं।

*मक्की दी रोटी बनाने की विधि:*

1. मक्के के आटे में नमक मिलाएं।
2. गुनगुने पानी की सहायता से नरम आटा गूंध लें।
3. आटे की लोई बनाएं।
4. प्लास्टिक शीट या गीले कपड़े पर हाथ से थपथपाकर रोटी बेलें।
5. गर्म तवे पर दोनों तरफ से सेंकें।
6. घी लगाकर सुनहरी होने तक पकाएं

*परोसने का तरीका :*

गरमा-गरम मक्की दी रोटी के साथ सरसों दा साग पर सफेद मक्खन डालकर परोसें।
साथ में गुड़, हरी मिर्च, प्याज और लस्सी परोसें।

**विशेष टिप:** **असली पंजाबी स्वाद के लिए साग को धीमी आंच पर कम से कम 30-40 मिनट तक पकाएं और परोसते समय ऊपर से घर का सफेद मक्खन अवश्य डालें।**




**स्लोवाकिया (राजधानीचौपाल) :** स्लोवाकिया ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान, 'द ऑर्डर ऑफ़ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया है. यह किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया 33वां वैश्विक सम्मान है. स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने ब्रातिस्लावा में एक समारोह में PM मोदी को यह सम्मान दिया. यह प्रतिष्ठित सम्मान उन विदेशी नेताओं को दिया जाता है, जिन्होंने स्लोवाकिया के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, मितृता बढ़ाने और देश की विदेश नीति तथा वैश्विक प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो.

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, ब्रातिस्लावा में 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' पाकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं. इस सम्मान के लिए स्लोवाकिया की जनता और सरकार का आभार. यह सम्मान भारत के 140 करोड़ लोगों का है. मैं यह सम्मान भारत और स्लोवाकिया की अटूट दोस्ती को समर्पित करता हूं. सर्वोच्च नागरिक और सैन्य राजकीय सम्मान

'द ऑर्डर ऑफ़ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' स्लोवाकिया द्वारा विशेष रूप से विदेशी नागरिकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक और सैन्य राजकीय सम्मान है. पीएम मोदी यूरोप की अपनी एक हफ्ते की यात्रा के तहत ब्रातिस्लावा में हैं. किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यूरोपीय देश की यह पहली यात्रा है.

**11 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर**

भारत और स्लोवाकिया ने सोमवार को अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाने तथा द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया. पीएम मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद यह सहमति बनी.दोनों देशों ने प्रवासन, डिजिटल टेक्नोलॉजी और डिफेंस जैसे कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए.

पीएम मोदी और फिको, भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने की दिशा में काम करने पर भी सहमत हुए. इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है.

**हमारी साझा मान्यताओं और भविष्य का प्रतीक**

पीएम मोदी ने मीडिया में जारी बयान में कहा, हमने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया है. यह हमारी साझा मान्यताओं, प्राथमिकताओं और भविष्य का प्रतीक है.इस साझेदारी का मकसद द्विपक्षीय संबंधों को एक नए मुकाम पर ले जाना, मौजूदा सहयोग तंत्रों को मजबूत करना और द्विपक्षीय व बहुपक्षीय, दोनों स्तरों पर सहयोग को और प्रगाढ़ करने के नए रास्ते तलाशना है.

**रिश्तों को नई दिशा देने के तरीकों पर चर्चा**

पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने और फिको ने रिश्तों को नयी दिशा देने के तरीकों पर चर्चा की. मोदी और फिको ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और मजबूती को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए. इसके लिए परमाणु ऊर्जा और भूतापीय ऊर्जा सहित ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि हमारे पास असीम संभावनाएं हैं. हमारी आकांक्षाएं और भी बड़ी हैं. ऑटोमोबाइल, रेलवे, मैन्यूफैक्चरिंग और हरित टेक्नोलॉजी हमारे लिए खास दिलचस्पी के क्षेत्र हैं.

पीएम मोदी ने कहा कि आज हमने इन सभी मुद्दों पर अपनी ताकत को मिलाकर दोनों देशों के लोगों के फायदे के लिए कई अहम फैसले लिए. उन्होंने यह भी कहा कि भारत और स्लोवाकिया के बीच रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच गहरे आपसी भरोसे और रणनीतिक तालमेल का सबूत है.दोनों नेताओं के बीच बातचीत के बाद रक्षा सहयोग को लेकर एक पत्र को अंतिम रूप दिया गया.




**अमेरिका (राजधानी चौपाल) |** रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि ईरान और अमेरिका एक डील के फ्रेमवर्क पर पहुंचे हैं. अब उन्होंने फ्रांस पहुंच कर इमैनुएल मैक्रों के साथ बैठक के दौरान कहा कि ईरान डील पर हस्ताक्षर हो गए हैं, होर्मुज स्ट्रेट आंशिक रूप से खुल गया है और जहाज पहले से ही वहां से गुजर रहे हैं. ट्रंप ने आगे कहा कि तेल की कीमतों में गिरावट और शेयर बाजार में उछाल के बीच शुक्रवार तक यह पूरी तरह से खुल जाएगा.

इससे पहले रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि सोमवार को अमेरिका और ईरान ने लगभग चार महीने से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए एक एग्रीमेंट (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर साइन किए हैं. अधिकारियों ने कहा कि शुक्रवार को साइन करने का प्रोग्राम होगा और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की आवाजाही धीरे-धीरे बढ़ेगी.

एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि इस एग्रीमेंट पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेरी कलीबाफ ने साइन किए हैं. हालांकि ट्रंप ने खुद जिनेवा जाने से इंकार किया है और कहा कि इस कार्यक्रम में जेडी वेंस हिस्सा लेंगे.

**होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बढ़ेगी**

पत्रकारों के साथ बातचीत में अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि शुक्रवार को साइन करने का प्रोग्राम भी होगा. नाम न बताने की शर्त पर अमेरिकी अधिकारी ने कहा, "आप देखेंगे कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही में काफी बढ़ोतरी होगी, असल में यह अभी शुरू हो चुकी है और समय के साथ इसमें धीरे-धीरे और तेज होगी." अधिकारी ने कहा, "हो सकता है कि हम दो हफ़्ते में पूरी तरह सामान्य स्थिति में न लौटें, लेकिन हम स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही में काफी बढ़ेंगे."

**अमेरिका और ईरान के बयानों से क्या पता चलता है?**

अमेरिका और ईरान ने अपने बयानों में कहा कि वे युद्ध खत्म करने और स्ट्रेट को फिर से खोलने की शर्तों पर सहमत हो गए हैं. इस खबर से बाजरों को राहत मिली है, हालांकि यह समझौता लेबनान में लड़ाई खत्म होने पर निर्भर हो सकता है और इसमें तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को टाल दिया गया है. जिस पर ईरान के कई मंत्रियों ने आपत्ति जताई है.

इजराइली नेशनल सिक्योरिटी मिनिस्टर इतामार बेन ग्विर ने सबसे पहले इस पर टिप्पणी की और अपने फ्लिपकार्ट चैनल पर लिखा, "ट्रंप का समझौता हमें बाध्य नहीं करता हम इस समझौते का हिस्सा नहीं हैं. यह हमारी सुरक्षा की गारंटी नहीं देता। हमें हिजबुल्लाह के खात्मे से कम किसी भी चीज पर समझौता नहीं करना चाहिए. हमें उस जमीन के एक इंच हिस्से से भी पीछे नहीं हटना चाहिए जिस पर हमारे सैनिकों ने कब्जा किया है और जिसे आतंकवादी ढांचे से मुक्त कराया है."

**19जून को होंगे समझौते पर हस्ताक्षर**

इस डील पर साइन होने का प्रोग्राम 19 को जिनेवा में किया जाना है. यह समझौता उस टकराव को सुलझाने की दिशा में सबसे बड़ी कामयाबी है, जिसमें हजारों लोग मारे गए और फरवरी में ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद से एनर्जी मार्केट भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं.

## भारत-अफगानिस्तान के साथ तनाव का असर: पाकिस्तान ने की रक्षा बजट में भारी बढ़ोतरी, जानिए कहां कितना होगा खर्च

**इस्लामाबाद(राजधानीचौपाल):** पाकिस्तान सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रक्षा बजट बढ़ाकर तीन ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपये कर दिया है। वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने नेशनल असेंबली में बजट पेश करते हुए कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों, सीमाई तनाव और सैन्य आधुनिकीकरण की जरूरतों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान के रक्षा खर्च में लगातार वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा बजट 2,550 अरब रुपये रखा गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 2,595 अरब रुपये कर दिया गया। नए बजट में कुल राष्ट्रीय व्यय का लगभग 16.67 प्रतिशत हिस्सा रक्षा क्षेत्र को आवंटित किया गया है।

रक्षा बजट का बड़ा हिस्सा सैन्य कर्मचारियों के वेतन, भत्तों, प्रशिक्षण, परिवहन, ईंधन और अन्य परिचालन खर्चों पर खर्च होगा। इसके अलावा हथियारों, गोला-बारूद और आधुनिक सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए भी बडी राशि निर्धारित की गई है। सैन्य ढांचे के विकास और नई सुविधाओं के निर्माण पर भी विशेष जोर दिया गया है।

पाकिस्तान में सैन्य पेंशन रक्षा बजट का हिस्सा नहीं होती। सरकार ने पेंशन मद में भी अलग से बड़ी राशि का प्रावधान किया है, जिसमें अधिकांश हिस्सा सेवानिवृत्त सैनिकों पर खर्च होगा। इससे वास्तविक सैन्य व्यय घोषित रक्षा बजट से कहीं अधिक हो जाता है।



वित्त मंत्री औरंगजेब ने कहा कि बदलते सुरक्षा माहौल में सैन्य तैयारियों को मजबूत बनाए रखना जरूरी है। रक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि आधुनिक युद्ध अब साइबर तकनीक, ड्रोन, मिसाइल सिस्टम और उन्नत रक्षा उपकरणों पर आधारित हो गए हैं, जिसके लिए लगातार निवेश आवश्यक है।

हालांकि आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान पहले से आर्थिक संकट, महंगाई और वित्तीय दबावों का सामना कर रहा है। ऐसे में रक्षा खर्च बढ़ाने को लेकर बहस तेज हो गई है। एक वर्ग इसे राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत मानता है, जबकि दूसरा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण पर अधिक खर्च की मांग कर रहा है। इसके बावजूद सरकार ने स्पष्ट किया है कि मौजूदा परिस्थितियों में रक्षा क्षेत्र उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पहले से ही कई वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में रक्षा बजट में लगातार हो रही बढ़ोतरी पर बहस तेज होना स्वाभाविक माना जा रहा है। एक पक्ष इसे राष्ट्रीय सुरक्षा की अनिवार्यता मानता है, जबकि दूसरा पक्ष शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश की जरूरत पर जोर देता है।

RNI No. HARHIN/25/A3341, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी एवं संपादक राहुल कुमार द्वारा सूचना प्रिंटर्स 33एस मॉडल टाउन, हिसार से छपवाकर कार्यालय आदमपुर मंडी हिसार, (किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार न्यायालय होगा)।
संपादक : राहुल कुमार, फोन : 9306813001, e-mail : rajdhanichoupal@gmail.com, प्रकाशन स्थल : मकान संख्या : 114, शांति पार्क के पास, मंडी आदमपुर, हिसार (हरियाणा)